हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




### ठेकेदारी की अटकलें खारिज

*छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों का संचालन सरकार ही करती रहेगी। यह व्यवस्था मौजूदा आबकारी नीति में है, यही व्यवस्था अगले साल भी लागू रहेगी। दरअसल पिछले कुछ महीनों से ये अटकलें चल रहीं थी कि आबकारी की व्यवस्था में बदलाव कर फिर से इसे ठेका माध्यम से संचालित करने की तैयारी है। लेकिन बुधवार को कैबिनेट के फैसले के बाद स्थिति साफ हो गई है कि शराब कारोबार ठेकेदारों के हवाले नहीं किया जाएगा।*

# छत्तीसगढ़ में अब कांच नहीं, फाइबर की बोतल में बिकेगी शराब, दुकानें सरकारी ही रहेंगी

## साय कैबिनेट में आबकारी नीति का अनुमोदन, विभाग को अधिकृत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में सरकार की आबकारी नीति 2026-27 को मंजूरी दी गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पिछले साल बनी और वर्तमान में लागू नीति को ही बिना किसी बदलाव के लागू किया जा रहा है। खास बात ये भी है कि अब राज्य में शराब कांच की बोतल की जगह फाइबर की बोतल में बिकेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्ताव का अनुमोदन तथा इससे संबंधित समस्त अनुषांगिक कार्यवाहियों के लिए विभाग को अधिकृत किया गया। मौजूदा नीति ही अगले साल लागू होगी। बताया गया है कि मंत्रि परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार की मौजूदा आबकारी नीति ही वर्ष 2026-27* ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 10 राज्यों में पहले से फाइबर बोतल

*सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि राज्य में अब कांच की बोतलों की जगह फाइबर की बोतल में शराब बेची जाएगी। देश के 10 राज्यों में पहले ही फाइबर की बोतल का उपयोग शराब बिक्री के लिए किया जाता है। बताया गया है कि राज्य सरकार इन सभी राज्यों से फाइबर की बोतल में बिकने वाली शराब के संबंध में जानकारी मंगाएंगी। इसके अध्ययन के बाद यह नई व्यवस्था लागू होगी। कहा जा रहा है कि फाइबर की बोतल उच्च क्वालिटी के फाइबर से निर्मित होगी। इसमें रखी शराब को पीने से स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर नहीं होगा।*

## पुलिस कमिश्नरी में राजधानी के 21 थाना क्षेत्र शामिल

# रायपुर शहर तक सिमटी पुलिस कमिश्नरी, नवा रायपुर रहेगा अछूता

*लंबे समय तक चले मंथन के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने रायपुर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम की अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना के अनुसार नगरीय क्षेत्र को पुलिस कमिश्नरेट घोषित किया गया है। यह व्यवस्था 23 जनवरी 2026 से प्रभावशील होगी। रायपुर कमिश्नरी में 21 थाने शामिल किए गए हैं। इनमें रायपुर शहर और बीरगांव का शहरी थाना क्षेत्र शामिल हैं। नवा रायपुर को इसमें शामिल नहीं किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अधिसूचना में बताया गया है कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या लगभग 19 लाख है और बढ़ती आबादी, अपराध, ट्रैफिक दबाव एवं शहरी चुनौतियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक राजधानी के 21 थाना क्षेत्र पुलिस कमिश्नरी में शामिल होंगे। इसके साथ ही 12 ग्रामीण थाना क्षेत्र को पुलिस कमिश्नरी में शामिल नहीं किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिन 21 थाना क्षेत्र को पुलिस कमिश्नरी में शामिल किया गया है। वहां कानून व्यवस्था संभालने का काम आईजी या एडीजी स्तर के अधिकारी करेंगे। साथ ही ग्रामीण इलाके के थाना क्षेत्र को आईपीएस रैंक के अधिकारी संभालेंगे।

ग्रामीण थाना क्षेत्र जो कमिश्नरी में शामिल नहीं : विधानसभा, धरसींवा, खरोरा, तिल्दा नेवरा, माना, मंदिर हसौद, आरंग, ▶▶|शेष पेज 7 पर




### यह थाना क्षेत्र पुलिस कमिश्नर के कंट्रोल में रहेगा

अधिसूचना के अनुसार रायपुर नगर पुलिस जिले के तहत आने वाले 21 थाना क्षेत्रों को कमिश्नरेट सीमा में शामिल किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से सिविल लाइन, देवेंद्र नगर, तेलीबांधा, कोतवाली, गंज, मोवा थाना, गोल बाजार, पुरानी बस्ती, डीडी नगर, आमानका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, राजेंद्र नगर, पुरानी बस्ती विस्तार क्षेत्र, टिकरापारा, उरला (नगर निगम क्षेत्र में आने वाला भाग), खमतराई, गुढ़ियारी, पंडरी, खम्हारडीह।

### पुलिस कमिश्नर को प्राप्त अधिकार

अधिसूचना के अनुसार पुलिस आयुक्त को दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कई मजिस्ट्रेटी अधिकार दिए गए हैं, जिनमें प्रमुख हैं पूर्व सीआरपीसी की धारा 144 जो बीएनएसएस में 163, जुलूस, धरना और सार्वजनिक सभाओं की अनुमति या प्रतिबंध, हथियार लाइसेंस जारी,निलंबित या निरस्त करना, निषेधाज्ञा और ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पुलिस कमिश्नरेट तीन क्षेत्रों में विभाजित

*राजधानी में लागू होने जा रही पुलिस कमिश्नर प्राणाली को तीन क्षेत्र में बांटा गया है। **रायपुर मध्य क्षेत्र** में सिविल लाइंस, देवेंद्र नगर, तेलीबांधा, कोतवाली, गंज, मौदहापारा,गोलबाजार, **रायपुर पश्चिम में** पुरानी बस्ती, डीडीनगर, आमानका, आजाद चौक , सरस्वती नगर, कबीर नगर, राजेंद्र नगर, टिकरापारा, मुजगहन, **रायपुर उत्तर** उरला, खमतराई, खम्हारडी तथा पंडरी थाना क्षेत्र। तीन क्षेत्रों में विभाजित थाना क्षेत्रों में एक पुलिस उपायुक्त, एक अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तथा दो-दो सहायक पुलिस उपायुक्त की नियुक्ति की जाएगी।*

# स्पॉ से वसूली, एएसपी जायसवाल निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर के तत्कालीन सिटी एएसपी राजेंद्र जायसवाल को गृह विभाग के आदेश पर निलंबित कर दिया गया है। अफसर पर एक स्पॉ संचालक ने हर माह 30 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इस बात की पुष्टि करने स्पॉ संचालक ने पुलिस अफसर के रिश्वत मांगने का वीडियो जारी किया है। वायरल वीडियो को गृह विभाग ने गंभीरता से लेते हुए अफसर के निलंबन का आदेश जारी किया है। निलंबन के बाद अफसर को ▶▶|शेष पेज 7 पर

- बिलासपुर के तत्कालीन सिटी एएसपी का स्पॉ संचालक से रि श्वत मांगने का वीडियो हुआ था वायरल

### आहत स्पॉ संचालक ने वीडियो बना कर किया वायरल

*पुलिस अफसर की धमकी से आहत स्पॉ संचालक ने अफसर के रिश्वत मांगने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने के साथ बिलासपुर आईजी के पास इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए गृह विभाग ने पुलिस अफसर के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उनके निलंबन की कार्रवाई की है। वर्तमान में राजेंद्र जायसवाल की पोस्टिंग जीपीएम में है।*

## गांव पहुंचते ही उतार दिया मौत के घाट

# बीजापुर के काउरगट्टा में पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम काउरगट्टा में कायरना हरकत को अंजाम देते हुए नक्सलियों ने पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है मंगलवार को ही वे पूर्व सरपंच भीमा मड़कम (40) दंतेवाड़ा जिले के बचेली से वापस अपने गांव वापस लौट कर खेत में काम कर रहे थे, तभी उनकी हत्या कर दी गई। इससे पूर्व भी नक्सली उन्हे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कड़ी की गई सुरक्षा व्यवस्था

*इस घटना से बाद गांव में दहशत के साथ ही आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। हत्या के बाद मंगलवार देर रात शव को गांव लाया गया। वहीं बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। इस वारदात में गोली लगते ही भीमा मडकम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद नक्सली घटनास्थल से फरार हो गए थे। पुलिस हत्या के पीछे के कारणों की पड़ताल कर रही है और गांव व आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।*

## सीयू में साहित्यकार का अपमान, हिन्दी की विभागाध्यक्ष हटाई गईं

# कुलपति ने किया अपमान, ठीकरा एचओडी पर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में साहित्यकार मनोज रूपड़ा के अपमान का ठीकरा हिन्दी की एचओडी पर फूटा है। साहित्यकार को आमंत्रित करने वाली यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की एचओडी डॉ. गौरी त्रिपाठी को विभागाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर रमेश गोहे को एचओडी बनाया गया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में साहित्य अकादमी नई दिल्ली एवं हिन्दी विभाग गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में 7 जनवरी को समकालीन हिन्दी कहानी : बदलते जीवन संदर्भ पर राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल अपना आपा खो बैठे थे और उन्होंने ▶▶|शेष पेज 7 पर


कुलपति ने आपा खोया, साहित्यकार को कार्यक्रम से निकाल दिया बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

खास खबर

साहित्यकार का व्यवहार मर्यादानुसार नहीं था

### विधायक ने भी जताई थी आपत्ति

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि कोटा के विधायक अटल श्रीवास्तव एवं मस्तूरी क्षेत्र के विधायक दिलीप लहरिया ने कुलपति चक्रवाल के व्यवहार को गलत बताते हुए हटाने तक की मांग की। इस मामले में कुलपति पर तो कार्रवाई नहीं हुई, पूरे प्रकरण की गाज हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी पर गिर गई। उन्हें हटाकर एक असिस्टेंट प्रोफेसर को एचओडी बना दिया गया।

### क्या है मामला

कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. चक्रवाल अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। कुलपति प्रो. चक्रवाल बोलते-बोलते विषयातंर हो गए और कथाकार मनोज रूपड़ा से पूछ बैठे कि आप बोर तो नहीं हो रहे हैं? इस पर श्री रूपड़ा ने उनसे कहा कि आप विषय पर बात करिए, इतना सुनते ही कुलपति चक्रवाल उखड़ पड़े और उन्हें बाहर करते हुए बाकी साहित्यकारों से भी कह दिया कि जिन्हें जाना हैं जा सकते हैं।








# तनाव के बाद टपरिया बार्डर सील, कोयला परिवहन बंद, गहरा सकता है संकट

**दो दिन पहले रायगढ़ और ओडिशा के ट्रांसपोर्टरों के बीच हुई थी जमकर लड़ाई**

बीते कई दिनों से चल रहे तनाव के बीच छग ओडिशा टपरिया बार्डर को आखिरकार सील कर दिया गया है। इससे दोनों प्रांत की गाड़ियों की आवाजाही पूरी तरह से बंद करवा दी गई है। वहां से रायगढ़ जिले के प्लांटों के लिए कोयले की सप्लाई होती है। इसमें रायगढ़ और ओडिशा के ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियां चलती हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

वर्चस्व को लेकर बीते साल से दोनों प्रांतों के ट्रांसपोर्टरों के बीच विवाद चल रहा है। बीते रविवार को दोनों प्रदेश के ट्रांसपोर्टरों के बीच खूनी संघर्ष भी हो गया। इसमें कई लोगों को गंभीर चोटें भी आई हैं। विवाद और न बढ़े इसके लिए टपरिया बार्डर को दोनों प्रदेश के पुलिस ने सील कर दिया है। अभी गाड़ियों की आवाजाही पूरी तरह से बंद है। इससे जिले में संचालित प्लांटों में कोयले का संकट भी उत्पन्न हो सकता है। हालांकि प्लांट में कम से कम एक महीने का स्टॉक रखा जाता है। रायगढ़ के वाहन मालिक तमनार थाना पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने 140 लोगों के खिलाफ नामजद और अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया।



### एसपी से मांग, जल्द कराएं गिरफ्तारी

मामले के बाद रायगढ़ और ओड़िशा से वाहनों का आना-जाना बंद हो गया है, जिससे प्लांट में ओडिशा से कोयला नहीं पहुंच पा रहा है। सोमवार की शाम वाहन मालिक एसपी से मिले और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है। हालांकि कुछ समय के लिए सील खोला गया था, जिससे रायगढ़ की फंसी गाड़ियां वापस आ गई और ओड़िशा की गाड़ियां लौटी हैं। इसके बाद फिर से बार्डर बंद कर दिया गया। इस रास्ते से हर दिन 1000 से ज्यादा गाड़ियां गुजरती थी। मामले के सुलझने तक बार्डर सील रहेगा।

### छोटे-बड़े सभी प्लांटों में सप्लाई

जिले के दर्जनभर से अधिक छोटे-बड़े उद्योगों में ओडिशा से आने वाले कोयला की सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई है। इसके पीछे वजह यह है कि ओडिशा और रायगढ़ के ट्रांसपोर्टरों के बीच लोडिंग को लेकर जंग छिड़ी रहती है। इस बीच कुछ लोगों ने एक ट्रांसपोर्ट संघ बना लिया और हर गाड़ी से 300 रुपए लेने का नियम बना दिया। इसी बात को लेकर कुछ ट्रांसपोर्टरों में आपत्ति की और देखते ही देखते बात मारपीट तक पहुँच गई। विवाद को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से सीमा को सील कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### आकाश छिकारा बने बस्तर के नए कलेक्टर

**रायपुर।** राज्य शासन ने तीन आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश में आकाश छिकारा को बस्तर का नया कलेक्टर पदस्थ किया गया है। साथ ही दो अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जारी आदेश में राज्य शासन ने आईएएस अधिकारी किरण कौशल को आयुक्त, समग्र शिक्षा के पद पर पदस्थ करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है। वहीं आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार शरण जो वर्तमान में आयुक्त, नगर और ग्राम निवेश और अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, गृह निर्माण मंडल हैं, उन्हें अब रायपुर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। 2017 बैच के आईएएस अधिकारी आकाश छिकारा जिला बस्तर के कलेक्टर का कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में आकाश छिकारा रायपुर विकास प्राधिकरण और नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में अहम पदों पर पदस्थ हैं। बस्तर कलेक्टर हरिस एस. के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में जाने के कारण यह पद रिक्त हुआ था।

### लापरवाही, खाद्य अफसर डड़सेना किए गए निलंबित

**मुंगेली।** धान खरीदी व्यवस्था में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर जिले में पदस्थ जिला खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना को निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने धान खरीदी व्यवस्था में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर बड़ा कदम उठाया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी द्वारा धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था में लापरवाही बरतने, खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण नहीं करने, मिलर द्वारा उठाव की निगरानी नहीं करने और उठाव किए गए धान की जांच नहीं करने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान जिला खाद्य अधिकारी डड़सेना का मुख्यालय नवा रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग कार्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### 5 शिक्षकों के बर्खास्तगी आदेश पर एचसी की रोक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने ईश्वरी निर्मलकर तथा पांच अन्य याचिकाओं में याचिकाकर्ता के बर्खास्तगी आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल ईश्वरी निर्मलकर की नियुक्ति वर्ष 2007 में शिक्षा कर्मी वर्ग 3 के पद पर जनपद पंचायत मगरलोड के द्वारा की गई थी। वर्ष 2009 से उनकी नियुक्ति नियमित कर दी गई थी। वर्ष 2018 में याचिकाकर्ता की पोस्टिंग स्कूल शिक्षा विभाग में शासकीय सेवक के पद पर हुई। साथ ही उनकी पदोन्नति हेड मास्टर प्राइमरी स्कूल के पद पर वर्ष 2023 में हुई। परन्तु 2007 में छत्तीसगढ़ राज्य लोक आयोग में शिकायत पर केस दर्ज हुआ एवं पुलिस द्वारा वर्ष 2011 में एफआईआर दर्ज की गई और वर्ष 2025 में पूरक चालान में याचिकाकर्ता को अभियुक्त बनाया गया परन्तु कोर्ट में ट्रायल पेंडिंग है।

**स्टेडियम के अंदर इस बार पहले से ज्यादा पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती**

# बगैर टिकट दर्शक स्टेडियम में नहीं जा सकें इसलिए खाली जगह पर लगाई ग्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को भारत तथा न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मुकाबला होना है। मैच की सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने पूर्व में आयोजित मैच की तरह इस बार भी सुरक्षा जवानों की तैनाती करने की जानकारी दी। साथ ही पिछले मैच में एक युवक सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान के अंदर प्रवेश कर गया था, ऐसी स्थिति से निपटने उन्होंने स्टेडियम के अंदर जहां दर्शक दीर्घा है, वहां सुरक्षा जवानों की तैनाती और बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं।


मैच में किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने सात सौ के करीब बल की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही 10 पुलिस अफसरों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। मैच देखने आने वालों को पूर्व की तरह जारी गाइड लाइन के अनुसार स्टेडियम के अंदर प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही मैच शुरू होने के एक घंटा पहले लोगों को स्टेडियम के अंदर एंट्री दी जाएगी।

बाउंड्री लाइन पर इस बार अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने स्पष्ट किया है कि पहली पारी समाप्त होने के बाद स्टेडियम में किसी भी दर्शक को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्टेडियम के अंदर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस के साथ छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ साढ़े तीन सौ के करीब निजी बाउंसरों की तैनाती करेगा। इसके अलावा सीएससीएस के 45 से ज्यादा अधिकारी व्यवस्था संभालेंगे।

**दर्शकों को मैदान में जाने से रोकने के लिए लगाई जाली**

### टिकट ब्लैक पर नजर

पुलिस इंटरनेट मीडिया और अन्य माध्यमों से टिकट ब्लैक मार्केटिंग पर भी सतर्क है। दिसंबर में 10 से अधिक लोगों को पुलिस ने टिकट ब्लैक करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस बार टिकटों की कड़ी जांच और ब्लैक मार्केटिंग रोकने निर्देश दिए गए हैं। मैच शुरू होने के दो दिन पूर्व तक 45 हजार से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। अब ऑनलाइन प्लेटफार्म पर टिकट नहीं मिल रहा है। ऐसे में मैच के दिन टिकट ब्लैक करने वाले कमी का फायदा उठाते हुए ब्लैक में टिकट बेच सकते हैं।



### पुलिस वेरिफिकेशन के बाद बाउंसरों को पास

पूर्व के मैच में सुरक्षा में तैनात कई बाउंसर आपराधिक रिकार्ड के मिले थे। इस बात को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने सीएससीएस को साफ तौर पर बाउंसरों के पुलिस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए हैं। जिन बाउंसरों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं होगा, उन्हें सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। एसएसपी ने सुरक्षा एजेंसी को साफ तौर पर निर्देशित किया है कि स्टेडियम के अंदर वे दर्शकों के साथ किसी तरह से मारपीट नहीं करें। अगर कोई दर्शक गड़बड़ी करता है, तो बाउंसरों को इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र में तैनात पुलिस जवान तथा अफसर को देने निर्देश दिए हैं।

### पुख्ता इंतजाम किए गए

मैच में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पिछली बार स्टेडियम के आस-पास जिन खाली जगहों से लोग स्टेडियम के अंदर प्रवेश कर गए थे। उन खाली जगहों में ग्रिल लगाई गई हैं। साथ ही दर्शक मैदान के अंदर प्रवेश नहीं कर सके, इसके लिए भी अलग से सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

- विवेक शुक्ला, एएसपी नवा रायपुर

**सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रहे**

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से भालू की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग में जगह-जगह जंगली जानवरों के होने और रास्ता पार करने के साइन बोर्ड लगाए गए हैं, जिसमें राहगीरों से अपील की गई है कि गाड़ी धीरे चलाएं। उसके



बावजूद जगदलपुर से रायपुर मार्ग में मेटावाड़ा गांव के पास बुधवार सुबह सड़क पार कर रहा भालू को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे भालू की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की जा रही है। लगातार मेटावाड़ा गांव के पास मौजूद आसना के जंगल में लगातार भालू के मौजूदगी के चिन्ह नजर आ रहे थे। कई बार रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों ने अपने मोबाइल कैमरे में भालू की तस्वीर ली थी। बताया कि कई दिनों से इस क्षेत्र में विशाल भालू की मौजूदगी है। वन विभाग मामले की जांच शुरू कर दी गई है, साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, जिससे आरोपी वाहन की पहचान की जा सके। वन विभाग के अनुसार भालू के शव का पोस्टमॉर्टम कर आवश्यक औपचारिकताओं के बाद शवदाह किया जाएगा।

### वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 पर पुराने टोल प्लाजा के पास मेटावाड़ा के पास एक सड़क हादसे में भालू की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर वाहन के कई टूटे हुए हिस्से मिले हैं, जिससे टक्कर की पुष्टि हुई है।

**एक हजार जवान रहेंगे तैनात, 1 फरवरी से शुरू होगा मेला**

# संगम में दो दिन पहले छोड़ेंगे पानी, कल्प कुंभ में डुबकी लगाएंगे लाखों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन राजिम कुम्भ कल्प मेला 2026 की तैयारियां अब तेजी से आकार लेने लगी है। मेला 1 फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगा, जो माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलेगा। मेले का आयोजन नए मेला मैदान में किया जा रहा है, जिसके लिए राज्य सरकार ने 54 एकड़ भूमि आरक्षित की है। अभी नदी के हालात बहुत ही खराब है, यहां पानी तो थोड़ा बहुत है मगर प्रवाह नहीं है। नदी में धार मेला शुरू होने के 2 दिन पहले 30 जनवरी को देखने को मिलेगा। इस विशाल परिसर को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी गई है। मेला क्षेत्र में सड़क, बिजली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता में रखते हुए युद्धस्तर पर कार्य जारी है। श्रद्धालुओं के लिए संगम में अविरल जलधारा राजिम कुम्भ कल्प मेले की आत्मा माने जाने वाले महानदी, पैरी, सोंढूर संगम में स्नान के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए मेला शुरू होने के ठीक दो दिन पहले सिकासार जलाशय से 30 जनवरी को नदी में पानी छोड़ा जाएगा। यह जलधारा महाशिवरात्रि तक निरंतर प्रवाहित रहेगी।



### लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

इस वर्ष संत समागम, प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और विविध आयोजन मेले को और आकर्षक बनाएंगे। बता दें कि राजिम विधायक रोहित साहू मेले की भव्यता को लेकर कई बैठकें जिले के अफसरों के साथ कर चुके है। रायपुर कमिश्नर महादेव कावरे, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, प्रशासनिक अफसरों के साथ राजिम रेस्ट हाउस में तीन राउंड का बैठक ले चुके हैं। नवीन मेला मैदान में आज की तारीख में 5 ट्रैक्टर, 1 जेसीबी मैदान को समतल एवं सफाई कार्य में लग चुके हैं। नदी घाट पे लाइटिंग का काम शुरू हो गया है। मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बड़ा मंच बनाया जाएगा। पुलिस के एक हजार जवान मेले में तैनात रहेंगे। पूरा मेला क्षेत्र सीसी टीवी कैमरे से लैस होगा।

### तैयारियों पर जोर

जिला मुख्यालय गरियाबंद, धमतरी एवं रायपुर में बैठे विभिन्न विभागों के अफसरों को 45 किमी चलकर दौड़ लगानी पड़ेगी। राजिम का यह सुप्रसिद्ध मेला भगवान श्री राजीव लोचन के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आदिकाल से लगता चला आ रहा है। यह मेला माघ पूर्णिमा से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलता है। भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर के रंगाई-पोताई का काम साल में एक बार इसी समय होता है। मेले को लेकर राजिम सहित आसपास के सैकड़ों गांव में उत्साह चरम पर है।

**कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में होगा**

# 16 वें वंशाचार्य पंथश्री उदितमुनी नाम साहेब का विधिवत चादर तिलक समारोह कल

**रायपुर।** सद्गुरु कबीर साहेब द्वारा स्थापित बंश बियालिस प्रणाली कबीरपंथ के 16 वें वंशाचार्य पंथश्री उदितमुनी नाम साहेब का विधिवत चादर तिलक समारोह 15 वें वंशाचार्य पंथश्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब के सानिध्य में बसंत पंचमी 23 जनवरी को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में सम्पन्न होगा। आयोजन में देश विदेश से लाखों की



संख्या में साहेब के भक्तजन उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक वर्ष कबीरपंथ के गुरु गद्दी दामाखेड़ा में माघ मेला बसंत पंचमी से प्रारम्भ होकर 2 फरवरी माघ पूर्णिमा तक सम्पन्न होगा। प्रतिदिन विशाल भोजन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि सदगुरु कबीर धर्मदास वंशवाली केडीव्ही मिशन के प्रवर्तक उदितमुनी नाम साहेब द्वारा जीव दया और आतम पूजा के तहत जरुरतमंद बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कराने के लिए राज्य एवं अन्य प्रदेशों में सदगुरु कबीर गुरुकुल का स्थापना की गई है।

# कार की सीट के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे 55 लाख का गांजा, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत रानीकोंबो में नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की क्रेटा कार नंबर युपी -32- एचएफ- 0299 से 1 क्विंटल 85 किलो 42 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 55 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

20 जनवरी 2026 की तड़के 3 से 4 बजे के बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कुनकुरी–नारायणपुर मार्ग पर चेकिंग शुरू की। संदिग्ध क्रेटा कार को घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी में कार की बीच सीट के नीचे और डिक्की में कारपेट के नीचे छुपाकर रखे पीली प्लास्टिक टेप से लिपटे 180 पैकेट गांजा बरामद हुआ। मामले में शान मोहम्मद उर्फ सानू उम्र 22 वर्ष निवासी जगदीशपुर, मानपुरलाल, लखनऊ उप्र,सुहैल अहमद उम्र 19 वर्ष निवासी सरौरकला, कमलापुर, थाना सीतापुर, जिला सीतापुर उप्र को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह गांजा मलकानगिरी, ओडिशा से लाकर उत्तरप्रदेश ले जा रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर लखनऊ के एक तीसरे तस्कर की पहचान भी कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी। तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार और आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं; मोबाइल डाटा की जांच जारी है।



### किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा

नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन आघात निरंतर जारी है। जिले में मुखबिर तंत्र को और मजबूत किया गया है।

-शशि मोहन सिंह
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

**केन्द्र कोनपारा तुमला जशपुर में खरीफ वर्ष 2024-25 का मामला**

# धान घोटाला: 6.55 करोड़ की अनियमितता का मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

धान उपार्जन केन्द्र कोनपारा तुमला में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान सामने आए 6 करोड़ 55 लाख रुपए के बड़े घोटाले में जशपुर पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड समिति प्रबंधक जयप्रकाश साहू उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी एफआईआर दर्ज होते ही दमोह मध्यप्रदेश में छिपा, फिर पुलिस दबाव बढ़ने पर विकासनगर कुसमुंडा, कोरबा पहुंचा, जहां रात में घेराबंदी कर उसे दबोचा गया। जांच में खुलासा हुआ कि जयप्रकाश साहू पहचान छिपाने के लिए हर बार दूसरे के नाम से मोबाइल सिम लेकर इस्तेमाल करता रहा। साइबर यूनिट की निगरानी और लोकेशन ट्रैकिंग से उसकी चालाकी धरी रह गई। संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट में भारी गड़बड़ी उजागर हुई थी। जिसमें धान खरीदी 1,61,250 क्विंटल,मिल व संग्रहण केंद्रों को परिदान 1,40,663.12 क्विंटल, कमी 20,586.88 क्विंटल, धान मूल्य 3100 रुपए क्विंटल के हिसाब से 6.38 करोड़ का नुकसान हुआ था। 4,898 नग बारदाना 17.07 लाख,कुल क्षति 6,55,26,979 का हुआ। 6 आरोपी, 2 जेल में, 4 फरार मामले में कुल 6 आरोपी नामजद हैं। फड़ प्रभारी शिशुपाल यादव पहले ही गिरफ्तार होकर जेल में है। जयप्रकाश साहू दूसरी बड़ी गिरफ्तारी है।



### नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर दर्ज है जुर्म

वहीं शेष 4 आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर थाना तुमला में बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 व 61 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम व साइबर यूनिट ने कई राज्यों में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा।

रायपुर

गुरुवार 22 जनवरी 2026

माघ शुक्ल पक्ष चतुर्थी

वर्ष : 24, अंक : 183

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**


**मौसम**

अधि. 29.8

न्यून. 16.4


haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### अटल पेंशन योजना अब 2031 तक

*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकार की प्रमुख अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और 'गैप फंडिंग' के लिए वित्तीय सहायता के विस्तार को भी स्वीकृति दी गई है। वित्तीय कमी की पूर्ति को 'गैप फंडिंग' कहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी विज्ञप्ति के अनुसार, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच पहुंच बढ़ाने के लिए जागरूकता एवं क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियों को सरकारी समर्थन मिलता रहेगा।*






*अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावोस से दुनिया को किया संबोधित*

# ट्रंप बोले-ग्रीनलैंड को अमेरिका के सिवाय दुनिया का कोई और देश बचा नहीं सकता

एजेंसी ▶▶| दावोस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोप को भी आड़े हाथों लिया और ग्रीनलैंड पर भी बड़ा बयान दिया। ट्रंप ने कहा कि मुझे यूरोप से प्यार है लेकिन वह सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा है। यूरोप के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जो अब पहचान में भी नहीं आते। हम इस पर बहस कर सकते हैं लेकिन इसमें बहस की कोई गुंजाइश नहीं है। दुनिया हमें फॉलो कर बर्बादी के रास्ते से बच सकती है। मैंने कई मुल्कों को बर्बाद होते देखा है। यूरोप में मास माइग्रेशन हो रहा है। अभी वो समझ नहीं रहे हैं कि इसके क्या-क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यूरोपीयन यूनियन को मेरी सरकार से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूरोप की आव्रजन नीतियों और आर्थिक नीतियों ने विनाशकारी परिणाम दिए हैं, जबकि इसके उलट अमेरिका में बड़े बदलाव हुए हैं। जिनपिंग और पुतिन ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहते हैं। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर कहा कि यह बर्फ का एक बड़ा खूबसूरत ▶▶|शेष पेज 7 पर

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के मंच से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपनी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और वैश्विक भू-राजनीति पर तीखा रुख स्पष्ट कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि मुझे ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों के लिए बहुत सम्मान है, लेकिन ग्रीनलैंड की सुरक्षा केवल अमेरिका के अलावा कोई देश नहीं कर सकता।

### अमेरिका में कम हो रही महंगाई

ट्रंप ने कहा कि उनके राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से देश में महंगाई लगातार कम हो रही है। अमेरिका में स्टॉक एक्सचेंज अब तक के उच्च स्तर पर रहा है। मेरे कार्यकाल में देश में निवेश 18 ट्रिलियन डॉलर रहा है। अमेरिका दुनिया का इकोनॉमिक कैपिटल है।

*कहा, वैश्विक सुरक्षा के लिए अमेरिका के पास ग्रीनलैंड का होना जरूरी*




### पीएम मोदी के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने संबोधन के बाद भारतीय मीडिया संग बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के साथ अमेरिका की ट्रेड डील पर भी बात की। ट्रंप ने मीडिया संग बातचीत में भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर कहा कि आपके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर मेरे मन में बहुत सम्मान है। वह बेहतरीन शख्स है और मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बेहतरीन ट्रेड डील होने जा रही है।

### ट्रंप ने फिर भारत-पाक संघर्ष रुकवाने का किया दावा

अपने संबोधन के दौरान ट्रंप ने एक बार फिर मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रुकवाने का दावा किया। उन्होंने कि मैंने एक वर्ष में दुनिया में आठ युद्ध रुकवाए हैं। ट्रंप ने कहा कि युक्रेन में भी एक खूनी युद्ध जारी है। वे इसे भी रुकवाएंगे।



### 'एयर फोर्स वन' बीच रास्ते से लौटा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विमान 'एयर फोर्स वन' स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होने के करीब एक घंटे बाद मामूली तकनीकी खराबी के कारण यहां ज्वाइंट बेस एंड्रयूज़ पर उतरा। विमान में मौजूद पत्रकारों ने बताया कि उड़ान भरने के बाद एयर फोर्स वन के चालक दल को बिजली संबंधी मामूली खराबी नजर आई जिसके बाद सुरक्षा के लिहाज से विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया गया और यह ज्वाइंट बेस एंड्रयूज़ पर उतरा।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट**

# नवा रायपुर में खुलेगा नरसी मोंजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, 40 एकड़ जमीन मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर में उच्च कोटि का शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने के लिए श्री विले पारले कलावनी मंडल को उनके नरसी मोंजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान की स्थापना के लिए सेक्टर-18 में चिन्हांकित लगभग 40 एकड़ भू-खण्ड का आबंटन लीज के रूप में एकमुश्त 90 वर्षों के लिए करने की स्वीकृति प्रदान की है।



**30 शैक्षणिक संस्थान चलाती है ये संस्था**

नवा रायपुर में इस संस्थान को जमीन देने का निर्णय हुआ है। वह एसव्हीकेएम एक ख्याति प्राप्त संस्था है, जो वर्ष 1934 से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत तथा वर्तमान में 30 शैक्षणिक संस्थान संचालित है, जोकि एक लाख से अधिक छात्रों को प्रति वर्ष प्री-प्राइमरी से लेकर डॉक्टोरल कार्यक्रमों में शिक्षा प्रदान करता है। वर्ष 2025 में एनआईआरएफ यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस संस्था को 52वां रैंक प्राप्त हुआ है। नवा रायपुर में इस राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना से राज्य में आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और मजबूती मिलेगी।

### नवा रायपुर में खुलेंगे चार उद्यमिता केंद्र

मंत्रिपरिषद द्वारा नवा रायपुर अटल नगर में 04 नवीन उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के साथ एमओयू का निर्णय लिया है। इससे राज्य में आईटी,आईटीईएस उद्योग तथा तकनीकी स्टार्ट-अप इको सिस्टम को प्रोत्साहित करने में यह एमओयू महत्वपूर्ण होगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के 68 केन्द्र संचालित है, जिनमें 60 भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित है। सॉफ्टवेयर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सरकारी लैब संचालन के लिए निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओ में गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वर्तमान संसाधनों को सुदृढ़ीकरण करने तथा निर्धारित मानक के अनुसार जांच की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लैब के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए हैं।

**अविमुक्तेश्वरानंद को नहीं मिला साथ**

# रामभद्राचार्य ने कहा- अन्याय नहीं हुआ, खुद तोड़े नियम



एजेंसी ▶▶| प्रयागराज/ग्वालियर

ग्वालियर प्रवास पर पहुंचे जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद पर बड़ा बयान दिया है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय किए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि उनके साथ कोई अन्याय नहीं हुआ, बल्कि उन्होंने स्वयं नियमों का उल्लंघन किया है। रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि वे स्वयं जगद्गुरु हैं, जबकि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अभी जगद्गुरु नहीं बनाए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक परंपराओं और नियमों का पालन सभी को करना होता है।

### क्यों हुआ विवाद

मौनी अमावस्या के दिन को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पालकी में स्नान करने जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका और पैदल जाने को कहा। विरोध करने पर शिष्यों से धक्का-मुक्की हुई। शिष्यों से मारपीट और पालकी रोके जाने से नाराज अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठ गए।

### अविमुक्तेश्वरानंद की प्रशासन को चेतावनी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनको दिया गया नोटिस वापस नहीं लिया तो वह मानहानि का केस करेंगे। प्रशासन के नोटिस के जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 8 पेजों का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है।

### वायुसेना का ट्रेनी विमान क्रैश...



**प्रयागराज।** वायु सेना के एक अत्यंत हल्के, दो सीट वाले विमान के इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण, उसमें सवार दो पायलटों ने बुधवार की इसकी एक तालाब में सुरक्षित लैंडिंग कराई। यह विमान फाफामऊ और संगम की ओर उड़ान भर के वापस लौट रहा था और तभी इसके इंजन में तकनीकी खराबी आ गई।

**नए अध्यक्ष की नई तैयारी**

# पांच राज्यों की चुनाव तैयारियों पर मंथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई जिम्मेदारियां संभालने के एक दिन बाद बुधवार को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ अपनी पहली रणनीति बैठक की और पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की। सूत्रों के अनुसार, दिनभर चली बैठक में नवीन ने पार्टी पदाधिकारियों से जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने वीबी-जी राम जी अधिनियम को लेकर कांग्रेस के "नकारात्मक अभियान" का जवाब देने के निर्देश दिए और नई ग्रामीण रोजगार गारंटी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### कई मुद्दों पर चर्चा

इस बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जिसमें भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और राज्य इकाई के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ उपस्थित थे। एक नेता ने बताया, नड्डा ने प्रतिनिधियों को संबोधित किया और बैठक में चर्चा किए गए विभिन्न मुद्दों पर अपना मार्गदर्शन और सुझाव दिए।

**ट्रंप की 'ग्रीनलैंड जिद' से भारत पर गहरा असर**

# सोने-चांदी का रिकॉर्ड, डॉलर के मुकाबले रुपया धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'ग्रीनलैंड जिद' का असर सिर्फ नाटो या यूरोपीय देशों पर ही देखने को नहीं मिल रहा है, बल्कि उसका कहर भारत पर भी दिख रहा है। बुधवार को सोना-चांदी के दामों में जबरदस्त उछाल आया। बुधवार को भारत में एक डॉलर की वैल्यू 91.65 रुपए पर आ गई यानि डॉलर के मुकाबले में रुपए में 68 पैसे की बड़ी गिरावट देखने को मिली।राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रुपए में आई सबसे बड़ी गिरावट

वैश्विक बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता और जोखिम से बचने की भावना के बीच लगातार विदेशी निवेश की निकासी के दबाव के चलते, रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 68 पैसे गिरकर लाइफटाइम लोअर लेवल 91.65 (अस्थायी) पर बंद हुआ। फॉरेन करेंसी ट्रेडर्स का कहना है कि इस गिरावट का कारण भू-राजनीतिक अनिश्चितता का बढ़ना है।



### क्यों आ रही है रुपए में गिरावट?

अभिषेक बिसन ने कहा कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं अस्थिर पूंजी प्रवाह के दबाव का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, जिनमें ग्रीनलैंड विवाद शामिल है जिसने अमेरिका-यूरोप संबंधों में तनाव पैदा किया है और वेनेजुएला के तेल भंडार पर अमेरिका का नियंत्रण, वैश्विक व्यापार पर व्यापक प्रभाव डाल रहे हैं।

सोना- 1 लाख 59 हजार 700 रुपए रुपए प्रति 10 ग्राम

चांदी- 3 लाख 34 हजार 300 रुपए प्रति किलो

**1 डॉलर**

91.65 रुपए




## कल्याण-डोंबीवली नगर निगम में शिंदे गुट को मिला मनसे का साथ

# भाजपा को झटका देकर शिंदे ने ठाकरे से मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका में बीजेपी को सत्ता से दूर रखने के लिए शिवसेना शिंदे गुट ने महाराष्ट्र नव निर्माण सेना से हाथ मिला लिया है। शिवसेना शिंदे गुट के नेताओं ने एमएनएस के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की। मनसे नेता राजू पाटिल ने कहा हम शिवसेना शिंदे गुट को समर्थन देते हैं, हम विकास के लिए साथ आ रहे हैं। राज ठाकरे ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर हम निर्णय ले सकते हैं। कल्याण डोंबिवली में शिवसेना के 53 और एमएनएस के 5 पार्षद हैं। कुल पार्षदों की सीट 122 है। दरअसल, महाराष्ट्र की राजनीति हमेशा चौंकाने वाले नतीजे देती है। हाल ही में हुए नगर निगम चुनावों ने राज्य को बदलते गठबंधनों के जाल में फंसा दिया है। ऐसा ही एक नजारा कल्याण-डोंबिवली में देखने को मिला, जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के साथ अपनी पुरानी दुश्मनी को भुलाकर बीजेपी को मेयर का पद हासिल करने से रोकने के लिए गठबंधन कर लिया है।

### मेयर का पद हासिल करने के लिए महायुति में ही छिड़ी रार

#### गठबंधन में शामिल होंगे चार लोग

मीटिंग में श्रीकांत ने इशारा किया कि उद्धव गुट के चार कॉर्पोरेटर गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। कुछ शिवसेना (यूबीटी) कॉर्पोरेटरों का साथ मिलने से गठबंधन आसानी से बहुमत के आंकड़े को पार कर जाएगा। इसके बाद उसे बीजेपी के साथ पावर-शेयरिंग डील की जरूरत नहीं पड़ेगी। चुनाव के बाद आया यह मोड़ बीजेपी के लिए एक झटका है, जो 2.5 साल के लिए मेयर पद बांटने की पावर-शेयरिंग व्यवस्था पर जोर दे रही थी। हालांकि, शिंदे सेना पूरे कार्यकाल के लिए मेयर का पद अपने पास रखना चाहती है। कल्याण-डोंबिवली में पिछले चुनावों में, अविभाजित शिवसेना 52 सीटों के साथ विजयी हुई थी।



#### उद्धव गुट के लिए भी झटका

इस फैसले को उद्धव की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के लिए यह करारा झटका माना जा रहा है। केडीएमसी चुनावों में उद्धव गुट ने 11 सीटें जीती थीं। कोंकण भवन में ग्रुप रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान, शिवसेना (यूबीटी) के 11 में से 7 पार्षद मौजूद थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उनमें से दो शिंदे गुट के संपर्क में थे, जबकि बाकि दो मनसे में शामिल हो गए थे।

#### बीजेपी का शानदार प्रदर्शन

122 सदस्यों वाली कल्याण-डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केडीएमसी) के चुनावों में, बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 सीटें जीतीं, जिसे शिंदे का गढ़ माना जाता है। शिंदे सेना को 53 सीटें मिलीं, जबकि एमएनएस ने पांच सीटें जीतीं। उद्धव ठाकरे के शिवसेना गुट को 11 सीटें मिलीं। केडीएमसी पर शासन करने के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को 62 सीटों का जादुई आंकड़ा चाहिए। हालांकि, भले ही शिवसेना और बीजेपी महाराष्ट्र में सत्ताधारी महायुति का हिस्सा हैं, लेकिन दोनों पार्टियों ने कल्याण-डोंबिवली में मेयर का पद हासिल करने के लिए एक-दूसरे से मुकाबला शुरू कर दिया है। बुधवार को कोंकण भवन में एक हाई-लेवल मीटिंग के बाद, शिवसेना सांसद और एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत ने राज ठाकरे की पार्टी के साथ गठबंधन की पुष्टि की। इससे उनकी कुल ताकत 58 हो गई है, जो 62 सीटों के बहुमत से थोड़ी ही कम है।

#### बीएमसी मेयर पर सस्पेंस जारी

यह डेवलपमेंट ऐसे समय में हुआ है जब मुंबई के बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) को लेकर सस्पेंस बना हुआ है, जहां भाजपा-शिंदे सेना गठबंधन ने भारत की सबसे अमीर सिविक बॉडी पर ठाकरे परिवार के लगभग तीन दशक के दबदबे को खत्म कर दिया है। हालांकि भाजपा-सेना गठबंधन के पास अपना मेयर बनाने के लिए जरूरी संख्या है, लेकिन सहमति नहीं बन पाई है।

---

## ग्रीनलैंड मामले पर बहस के जवाब में उन्हें 'भाड़ में जाओ' कहा

# डेनमार्क के सांसद ने दी ट्रंप को गाली, बोले ऐसी ही भाषा समझते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶| कोपेनहेगन

यूरोपीय संसद के एक डेनिश सदस्य ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए गए बयानों पर बहस के जवाब में उन्हें 'भाड़ में जाओ' कहा। यूरोपीय संसद में बोलते हुए, डेनिश एमईपी एंडर्स विस्टिसेन ने डोनाल्ड ट्रंप की हालिया टिप्पणियों को खारिज कर दिया कि अमेरिका को राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से ग्रीनलैंड पर नियंत्रण कर लेना चाहिए। एंडर्स विस्टिसेन ने सत्र के दौरान कहा, 'मैं इसे उन शब्दों में कहता हूं जो शायद आप समझें- 'मिस्टर प्रेसिडेंट, भाड़ में जाओ।' डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में कई बार कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी हितों के लिए रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने तर्क दिया है कि अमेरिका को रूस और चीन के संभावित प्रभाव का मुकाबला करने के लिए आर्कटिक द्वीप पर अधिक नियंत्रण की आवश्यकता है। ट्रंप ने धमकी भी दी है कि अमेरिका के कब्जे का विरोध करने वाले यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ 1 फरवरी से 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा।



#### ट्रंप ने जारी किया है विवादित मानचित्र

डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक एडिटेड इमेज पोस्ट की, जिसमें अमेरिका का एक मानचित्र दिखाया गया था। इस नए मानचित्र में पड़ोसी कनाडा, वेनेजुएला और ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र के हिस्से के रूप में दिखाया गया था। यह इमेज में डोनाल्ड ट्रंप यूरोपीय नेताओं के साथ एक बैठक में दिखाए गए थे, जिसमें फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों, यूके के कीर स्टारमर, इटली की जियोर्जिया मेलोनी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल थे।

#### अमेरिका की दादागीरी दुनिया में नहीं चलेगी अब : कनाडा

स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यवस्था को लेकर एक बेहद सख्त और चौंकाने वाला आकलन पेश किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाला ग्लोबल रूल बेस्ड सिस्टम अब प्रभावी रूप से खत्म हो चुका है और पुरानी व्यवस्था की वापसी संभव नहीं है। अपने भाषण में कार्नी ने कहा, 'मैं सीधे शब्दों में कहूंगा। हम किसी संक्रमण के दौर में नहीं, बल्कि एक गहरे टूटन के दौर में हैं। पुराना वैश्विक ऑर्डर वापस नहीं आने वाला.' उनका यह बयान उस मंच से आया, जहां दुनिया के सबसे ताकतवर नेता, उद्योगपति और नीति निर्माता मौजूद थे।



---

## तमिलनाडु-केरल के बाद एक और राज्य में बढ़ा टकराव

# अब कर्नाटक के गवर्नर का विस में संबोधन से इंकार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

दक्षिण भारत में राज्यपाल और सरकारों के बीच टकराव का सिलसिला अब कर्नाटक तक पहुंच गया है। तमिलनाडु और केरल के बाद अब कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया है। यह संयुक्त सत्र 22 जनवरी से शुरू होना है और परंपरा के अनुसार इसकी शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होती है। राज्यपाल के इस कदम को लेकर सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है।



सरकारी सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के मसौदे में बदलाव की मांग की है, जो राज्य सरकार द्वारा तैयार किया गया है। हालांकि, राज्यपाल के इनकार के पीछे के ठोस कारणों को लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। इसी बीच, कर्नाटक सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलने का फैसला किया है।

#### कर्नाटक में वीबी-जी राम जी कानून का विरोध

कर्नाटक सरकार ने मनरेगा को खत्म कर बनाए गए नए कानून नया 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबीजीरामजी कानून को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है और इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस सरकार सत्र के दौरान केंद्र की बीजेपी नीत एनडीए सरकार के खिलाफ एक प्रस्ताव लाने की तैयारी में है, जिसमें मनरेगा को खत्म करने के फैसले की निंदा की जाएगी और इसे बहाल करने की मांग की जाएगी। यह कदम कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'सेव मनरेगा' अभियान से भी जुड़ा हुआ है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कर्नाटक में राज्यपाल और सरकार के बीच यह टकराव तमिलनाडु और केरल में हाल के घटनाक्रमों जैसा ही है, जहां अभिभाषण की भाषा और संवैधानिक भूमिका को लेकर गंभीर विवाद देखने को मिले थे। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि राज्यपाल और सरकार के बीच होने वाली बातचीत से कोई समाधान निकलता है या यह संवैधानिक टकराव और गहराता है।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

---

# लिव-इन में रहने वाली महिलाओं को मिलना चाहिए पत्नी का दर्जा

## मद्रास हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी पुरुषों की मंशा पर उठाए सवाल




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि गंधर्व विवाह की प्राचीन अवधारणा के तहत लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को पत्नी का दर्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने साथ ही यह भी टिप्पणी की कि इससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आधुनिक सामाजिक ढांचे में कमजोर महिलाओं की रक्षा करना न्यायपालिका की जिम्मेदारी है, क्योंकि लिव-इन संबंधों में उन्हें वैसी कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती जैसी विवाहित महिलाओं को प्राप्त होती है।

#### गंधर्व विवाह का जिक्र कर की बड़ी टिप्पणी

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के मनप्पराई महिला पुलिस स्टेशन द्वारा गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए पीठ ने ये टिप्पणियां कीं। शख्स पर आरोप था कि उसने शादी का झूठा वादा कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में वादे से मुकर गया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक अदालत ने कहा, 'लिव-इन रिलेशनशिप में महिलाओं को गंधर्व विवाह या प्रेम विवाह के तहत पत्नी का दर्जा देकर संरक्षण दिया जाना चाहिए। जिससे ऐसे संबंधों में अस्थिरता होने की स्थिति में भी उन्हें पत्नी के रूप में अधिकार मिल सकें।'

#### आधुनिकता का दावा करते हैं पुरुष

जज ने आगे कहा कि कई युवा महिलाएं मॉडर्न लाइफस्टाइल अपनाने की चाहत में ऐसे रिलेशनशिप में आती हैं लेकिन बाद में निराश हो जाती हैं क्योंकि कानून लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को शादीशुदा महिलाओं की तरह सुरक्षा नहीं देता है। कोर्ट ने कहा कि जो पुरुष मॉडर्निटी के नाम पर इसका फायदा उठाते हैं और शादी के वादे से मुकर जाते हैं, वे कानूनी नतीजों से बच नहीं सकते।

---

## सेना ने एक्टिव किया एंटी ड्रोन सिस्टम

# एलओसी के पास नजर आया पाकिस्तानी ड्रोन

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास मंगलवार की देर रात को पाकिस्तानी ड्रोन मंडराता देखा गया है। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया। सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान नजर आया। पिछले 10 दिनों में बॉर्डर के पास ड्रोन देखे जाने की यह पांचवी घटना है। इससे पहले 17 जनवरी की शाम को लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) से सटे रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया था। वहीं 15 जनवरी को भी रामगढ़ सेक्टर में एक बार, 13 जनवरी को राजौरी जिले में दो बार और 11 जनवरी को नौशेरा सेक्टर, धरमसाल सेक्टर, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एकसाथ पांच ड्रोन स्पॉट किए गए थे।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925


मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# दलदल का ट्रेलर जारी, सीरियल किलर के छक्के छुड़ाएंगी डीसीपी रीटा

**मुंबई।** क्राइम थ्रिलर सीरीज 'दलदल' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। मुंबई शहर की पृष्ठभूमि पर बनी 'दलदल' की कहानी डीसीपी रीटा फरेरा (भूमि) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह एक खतरनाक जांच पर निकलती हैं, जहां उन्हें एक बेरहम सीरियल किलर को पकड़ना होता है। ट्रेलर में डीसीपी रीटा फरेरा (भूमि) की खौफनाक दुनिया का सफर दिखाया गया है, जिसे भूमि सतिश पेडनेकर ने बेहद सशक्त अंदाज में निभाया है। ट्रेलर में क्रूर और सोचे-समझे किए गए हत्याकांड सामने आते हैं, जो एक कातिल की घिनौनी सोच को दिखाता हैं। जैसे-जैसे लाशों की संख्या बढ़ती जाती है, रीटा इस अंधेरी और डरावनी जांच में खुद को और गहराई तक फंसा हुआ पाती है। विश धामिजा की बेस्टसेलिंग किताब 'भेंडी बाजार' पर 'दलदल' आधारित है। इस सीरीज को अमृत राज गुप्ता ने निर्देशित किया है। विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेणी ने इसका निर्माण किया है। इसे श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने लिखा है। भूमि सतिश पेडनेकर के साथ इस सीरीज में समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी अहम भूमिकाओं में हैं।

लाइफ Style

# राशा
# लाइकी लाइका में सिंगिंग डेब्यू

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल राशा अपने सिंगिंग डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं जो उन्होंने इसी फिल्म 'लाइकी लाइका' में गाया है। लोग राशा की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपनी अपकमिंग फिल्म 'लाइकी लाइका' से राशा ने फिल्मी दुनिया में सिंगिंग डेब्यू किया है। इस गाने का वीडियो सामने आ चुका है और फैन्स उनकी आवाज की तारीफें करते नहीं थक रहे। राशा थडानी बॉलीवुड में एंट्री करने से पहले भी सोशल मीडिया पर अपना सिंगिंग टैलेंट दिखा चुकी हैं। अब पहली बार वो फिल्मों में गाने जा रही हैं। इस गाने के साथ वो अपनी एक्टिंग जर्नी एक अलग लेवल पर ले जा रही हैं। राशा ने फिल्म 'लाइकी लाइका' के गाने 'चाप तिलक' से अपने सिंगिंग की शुरुआत की है। बॉलीवुड स्टार किड्स की दुनिया में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' से राशा ने डेब्यू किया। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। अब उनकी अगली फिल्म 'लाइकी लाइका' को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। 'लाइकी लाइका' एक दमदार रोमांटिक ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म में दो कलाकार राशा और मुंज्या (2024) फेम अभय वर्मा नजर आएंगे। सौरभ गुप्ता के डायरेक्शन और भावना तलवार और राघव गुप्ता द्वारा प्रड्यूस ये फिल्म यंग कपल की कहानी है। ये फिल्म इस साल गर्मियों में रिलीज होने जा रही है जो शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में है। राशा के इस गाने पर फैन्स ने उनकी जमकर तारीफ की है। एक ने कहा है, 'शानदार और सुरीली आवाज, बहुत प्यारा गाना।'




# ओ रोमियो का ट्रेलर रिलीज एक्शन करते दिखे शाहिद



**मुंबई।** विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो'का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। शाहिद कपूर उस्तरा के किरदार में एक्शन करते नजर आए। शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर 21 जनवरी को रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में रोमांस से लेकर एक्शन का तालमेल दिखाया गया है। इस फिल्म को देखकर फैंस को शाहिद की फिल्म 'कबीर सिंह' की याद जरूर आ जाएगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उस्तरे से पंगा नहीं लेने का, शरीर से आत्मा काट के ले जाता है।' विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद के इस पोस्ट पर कई फैंस ने फायर और लाल दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। 'ओ रोमियो' के ट्रेलर में आपको रोमांस के साथ भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर में माधुरी के मशहूर गाने 'धक-धक' पर शाहिद गुंडों की जमकर पिटाई करते नजर आए। तो वहीं दिशा पाटनी के साथ शाहिद का एक धमाकेदार आइटम नंबर भी देखने को मिला।

# 2016 वायरल ट्रेंड में शामिल हुए ऋतिक



**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' ऋतिक रोशन ने 2016 के ट्रेंड को फॉलो करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में ऋतिक ने तस्वीरों के जरिए अपनी कई खूबसूरत यादों को साझा किया है। इन तस्वीरों में फिटनेस के लिए ऋतिक का प्यार साफ झलक रहा है। ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार तस्वीरों को शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। पहली तस्वीर में ऋतिक अपने बाइसेप्स को फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। दूसरी और तीसरी तस्वीर में भी ऋतिक दोनों हाथों को उठाए बाइसेप्स दिखा रहे हैं। चौथी तस्वीर ऋतिक के बचपन की है; इस तस्वीर में भी फिटनेस के लिए ऋतिक का क्रेज देखा जा सकता है। बाकी की सभी तस्वीरों में ऋतिक जिम में कसरत करते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों से साफ पता चलता है कि ऋतिक बचपन से ही फिटनेस फ्रीक रहे हैं। इन शानदार तस्वीरों को ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, '2016, 1984, 2019, 2022 और कल...' इसके साथ ही ऋतिक ने अपने बाइसेप्स को लेकर लिखा, 'चाहे मैं कितनी भी किताबें पढ़ लूं, 'बॉलीवुड बाइसेप्स' के लिए मेरा जुनून कभी खत्म नहीं हो सकता।' आगे ऋतिक ने अपने फैंस से कहा कि वे उनके लिए प्रार्थना करें, ताकि वह इन सभी चीजों से उबर सकें।'




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर. **राडा (RADA) ऑटो एक्सपो 2026 रायपुर के दिशानिर्देशों के अनुसार वाहनों पर RTO टैक्स में 50% की बचत लागू.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906.

चिंतन

# प्रदूषण पर अब छोटे शहरों को भी सतर्क होना होगा

जिस कश्मीर को सदियों से धरती का स्वर्ग कहा जाता रहा है, वहां की हवा आज लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना रही है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले 7 वर्षों में सबसे खराब स्थिति में पहुंच चुका है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्तर की हवा में सांस लेना लगभग चार सिगरेट पीने के बराबर है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस खतरे का संकेत है, जो अब पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरे शहरों तक भी पहुंच चुका है। एयर मॉनिटरिंग डेटा यह बताता है कि जनवरी में श्रीनगर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब रही। वर्ष 2019 के बाद 2026 को श्रीनगर का सबसे प्रदूषित वर्ष माना जा रहा है, जहां औसत एक्यूआई 159 रहा। इतनी तेजी से गिरती वायु गुणवत्ता यह दर्शाती है कि यदि अब भी सतर्क नहीं हुए तो छोटे और पहाड़ी शहर भी महानगरों जैसी प्रदूषण त्रासदी झेलने को मजबूर होंगे। अब तक वायु प्रदूषण को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों की समस्या माना जाता रहा है, लेकिन श्रीनगर में बढ़ता प्रदूषण इस धारणा को तोड़ता है। प्राकृतिक सुंदरता, कम औद्योगीकरण और अपेक्षाकृत कम जनसंख्या के बावजूद श्रीनगर का इस स्तर तक प्रदूषित होना गंभीर चेतावनी है। दिल्ली की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई 339 दर्ज किया गया, जो लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा समेत देश के कई राज्य गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। हालांकि, हरियाणा में दिल्ली की तुलना में वाहनों की संख्या कम होने के कारण वहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम देखा जाता है। यह तुलना साफ तौर पर बताती है कि वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सर्वोच्च न्यायालय को यह स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा योगदान वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का है। इसके बावजूद, अक्सर पराली जलाने को ही प्रदूषण का मुख्य कारण ठहराया जाता है। यह सच है कि पराली जलाना एक समस्या है, लेकिन यह मौसमी और सीमित समय तक प्रभाव डालती है, जबकि वाहनों से निकलने वाला धुआं पूरे वर्ष शहरों की हवा को जहरीला बनाता रहता है। प्रदूषण में सुधार के लिए सीएमक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है। इनमें वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी या अन्य ग्रीन फ्यूल पर स्थानांतरित करना प्रमुख है। प्रदूषण केवल स्वास्थ्य संकट नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने विश्व आर्थिक मंच में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रदूषण का प्रभाव, भारत पर लगाए गए किसी भी टैरिफ के प्रभाव से कहीं अधिक गंभीर है। उनका यह बयान इस सच्चाई को उजागर करता है कि पर्यावरणीय गिरावट की आर्थिक लागत दीर्घकाल में विकास दर, श्रम उत्पादकता और स्वास्थ्य व्यय पर भारी बोझ डालती है। आज जरूरत है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ठोस और प्रभावी नीतियां लागू करें। छोटे शहरों में भी एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क को मजबूत किया जाए, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए कि प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयास से ही जीती जा सकती है।

मुद्दा
राज कुमार सिंह



# ट्रंप को नोबेल सौंप संदेह व सवालों में घिरीं मचाडो

आखिरकार शांति का नोबेल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंच ही गया। खुद को शांति दूत बताने वाले ट्रंप की दावेदारी के बावजूद नोबेल पुरस्कार समिति ने तो उन्हें इस लायक नहीं माना, पर वेनेजुएला की जिन विपक्षी नेता मारिया मचाडो को नोबेल दिया गया था, वही खुद वाशिंगटन जाकर उन्हें अपना पुरस्कार सौंप आयीं। अपने साल भर के शासन में युद्ध विराम का इतिहास रचने के एकतरफा दावे करते हुए ट्रंप खुद को शांति के नोबेल का सही पात्र बताते रहे, लेकिन पुरस्कार समिति को ऐसा नहीं लगा। सो, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को नजरअंदाज कर समिति ने नोबेल दे दिया वेनेजुएला में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत विपक्षी नेता मारिया मचाडो को। खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले ट्रंप नाराज हुए। नोबेल समिति को बुरा-भला भी कहा। फिर भी मचाडो ने वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाली में सहयोग की आकांक्षा जताते हुए अपना नोबेल उन्हें समर्पित करने की बात कही थी। तब माना गया था कि यह एक नोबेल विजेता का बड़प्पन है कि उसने अपनी प्रतिक्रिया में पदक से वंचित को अपना पदक समर्पित किया पर मचाडो ने ट्रंप से मुलाकात में उन्हें बाकायदा अपना नोबेल सौंपकर अब दुनिया को चौंका दिया है। हालांकि नोबेल पुरस्कार समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि इसे किसी को गिफ्ट या ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। यह भी कि सिर्फ मूल विजेता ही हमेशा नोबेल पुरस्कार विजेता कहलाएगा। मचाडो द्वारा अपना नोबेल ट्रंप को देने के पीछे की किसी डील पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। वैसे मचाडो से पहले वेनेजुएला पर हमला कर ट्रंप दुनिया को चौंका चुके थे। नार्को टैररिज्म आदि के आरोपों के बीच लगातार धमकाते रहने के बाद एक दिन अचानक ट्रंप ने अपनी डेल्टा फोर्स भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया। मादुरो पर अमेरिका में जारी मुकदमे के बीच ही मचाडो वाशिंगटन पहुंच कर ट्रंप से मिलीं और अपना नोबेल उन्हें गिफ्ट कर दिया। उन्होंने ट्रंप पर पूरा भरोसा जताते हुए इसे वेनेजुएला के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन भी करार दिया। ट्रंप ने भी मारिया से मुलाकात को सम्मानजनक बताते हुए टिप्पणी की: 'उन्होंने मेरे अच्छे कामों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया। हमारे बीच का यह आपसी सम्मान कमाल का है।' इसमें दो राय नहीं कि इंजीनियरिंग का पेशा छोड़कर राजनीति में आयीं तलाकशुदा 58 वर्षीय मचाडो ने वाकई वेनेजुएला में तानाशाही शासन समाप्त कर लोकतंत्र बहाली के लिए लंबा शांतिपूर्ण संघर्ष किया है। उन्होंने बहुत कुछ सहा भी है। उसी संघर्ष के लिए उन्हें विश्व का सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार भी मिला, जो उन्होंने अब उसी व्यक्ति को सौंप दिया है, जिसे पूरी दुनिया वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण करने वाले विदेशी शासक के रूप में देखती है। ट्रंप खुद वेनेजुएला का तेल बेच कर मुनाफा कमाने की बात कह रहे हैं, लेकिन उन्हें अपना नोबेल सौंपते हुए मचाडो ने लिखा: 'ट्रंप ने वेनेजुएला की आजादी के लिए जो किया है, उसे वेनेजुएला के लोग कभी नहीं भूलेंगे।' मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में भावी सत्ता व्यवस्था और चुनावों की अटकलों के बीच ट्रंप से मिलीं मचाडो कोई ठोस आश्वासन नहीं पा सकीं। वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया है, पर ट्रंप खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति बता रहे हैं। शायद ट्रंप को रोड्रिग्ज के साथ काम करने में कोई समस्या भी न हो, क्योंकि उनकी नजर तो वेनेजुएला में तेल और दुर्लभ खनिज संपदा के दोहन पर है। ऐसे में वेनेजुएला समेत दुनिया भर में मचाडो की नई भूमिका पर संदेह और सवाल स्वाभाविक हैं। बेशक मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में लोकतांत्रिक एवं मानवाधिकारों की बहाली के लिए संघर्षरत हैं। 2024 में उन्हें राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने दिया गया और उनके द्वारा समर्थित विपक्षी उम्मीदवार एडमंड गोंजालेज को जीत के बावजूद सत्ता नहीं सौंपी गई। यह भी कि मादुरो की छवि तानाशाह शासक की रही है, लेकिन देश पर हमला कर उसके संसाधनों की लूट करने वाले विदेशी शासक का गुणगान करते हुए उसे अपना नोबेल सौंप कर खुद मचाडो अपनी साख पर उठते संदेह और सवालों से नहीं बच पाएंगी। अपने देश में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष निश्चय ही देश-समाज के प्रति साहसिक प्रतिबद्धता का काम है, लेकिन उसके लिए विदेशी आक्रांता का सहयोग लेना और उसका गुणगान करना कम-से-कम देश प्रेम के दायरे में तो नहीं आता।



(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मनोरंजन की आड़ में अश्लीलता स्वीकार्य नहीं



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध लोककला, परंपरा और संस्कृति है। यह राज्य जनजातीय लोकनृत्य और संस्कृति के नाम पर मशहूर है लेकिन वहीं के आदिवासी अंचलों में कथित तौर पर बार बालाओं के अश्लील डांस ने इस विरासत को शर्मसार किया है। राज्य के आदिवासी बहुल गरियाबंद और सूरजपुर में बीते दिनों मनोरंजन के नाम पर हुए अश्लील डांस के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सियासत और सोशल मीडिया में काफी खलबली मच गई। विडंबना यह कि सूरजपुर में जहां यह आयोजन सरकारी रेस्ट हाऊस में हुआ वहीं गरियाबंद के उरमाल गांव में हुए अश्लील डांस के दौरान जिले के एसडीएम और पुलिस कर्मी अर्धनग्न बार बालाओं पर पैसे उड़ाते देखे गए। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो को देखें तो गरियाबंद जिले में हुए अश्लील डांस ने नग्नता और फूहड़ता की सारी हदें लांघ दी। इधर इस खबर को लेकर जहां विपक्ष सत्तारूढ़ दल पर लगातार हमलावर रही वहीं सोशल मीडिया पर यूजर्स सत्तारूढ़ पार्टी पर तंज कसते नजर आए। राज्य सरकार ने मामले पर फौरी कार्रवाई करते हुए गरियाबंद जिले में अश्लील डांस करने वाले डांसर तथा कार्यक्रम आयोजकों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं इस आयोजन की अनुमति देने और डांसरों पर नोट उड़ाने वाले एसडीएम व तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। दूसरी ओर सूरजपुर के रेस्ट हाउस में हुए अश्लील डांस पर वहां के डिप्टी रेंजर और फारेस्ट गार्ड को निलंबित कर दिया गया है।

बहरहाल छत्तीसगढ़ में मनोरंजन या सांस्कृतिक कार्यक्रम के आड़ में अश्लील डांस का यह कोई पहला वाकया नहीं है बल्कि पहले भी ऐसे भौंडे आयोजन होते रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के समय भी महेन्द्रगढ़ - चिरमिरी-भरतपुर जिले के खड़गंवा में दशहरा उत्सव में रावड़ दहन के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लड़कियों के बोल्ड डांस के दौरान नेता और जनता डांसरों पर नोट उड़ाते देखे गए थे। तब विपक्षी दल भाजपा ने डांस के दौरान बैठे सत्तारूढ़ दल के विधायक और नेताओं से सवाल किया था यह कौन सी संस्कृति और गांधीवाद है? इसके जवाब में तब के थाना प्रभारी ने जवाब दिया था कि वहां अश्लील डांस नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ी नाच हो रहा था। अलबत्ता थानेदार के दावे की पोल इस कार्यक्रम की वायरल वीडियो खोल रही थी जिसमें डांसरों के कपड़े और भाव- भंगिमा अत्यंत आपत्तिजनक थे। बहरहाल छत्तीसगढ़ जैसे संस्कृति और लोककला संपन्न राज्य में ऐसी अपसंस्कृति और अश्लीलता को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता बल्कि सरकार और प्रशासन को इस दिशा में सख्ती बरतने की जरूरत है। विचारणीय है कि देश में मनोरंजन और कॉमेडी के नाम पर सिनेमा और टेलीविजन से लेकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में जिस तरह से अश्लीलता और फूहड़ता परोसी जा रही है उसने मनोरंजन और कला के मायने को ही बदल कर रख दिया है। भारत एक धार्मिक और संस्कृति धर्मी देश है लेकिन यहां के धार्मिक नगरों और मेलों में भी अश्लील कार्यक्रम आयोजित करने के मामले सामने आए हैं। इसी साल धर्मनगरी मथुरा के एक होटल में न्यू ईयर के मौके पर पोर्नस्टार सनी लियोन का कार्यक्रम आयोजित था जिसे धार्मिक संगठनों के विरोध के बाद रद्द कर दिया। बीते साल प्रयागराज के धार्मिक मेले में हिंदी और भोजपुरी गानों पर जमकर अश्लील डांस हुआ था जिस पर बवाल मचा था। अलीगढ़ के खेरेश्वर धाम मंदिर में देवछठ मेले में रशियन लड़कियों के फ़ूहड़ डांस पर भी विवाद हुआ था। अलबत्ता देश के विभिन्न राज्यों में धार्मिक मेलों के दौरान आस्था पर अश्लीलता का तड़का लगने की फेहरिस्त काफी लंबी है जो सीधे तौर पर प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है।

मनुष्य हमेशा से कलाप्रेमी और संस्कृति धर्मी रहा है जिसके जीवन में त्योहार, नृत्य और उत्सव के रंग समाहित रहे हैं। विज्ञान के विकास के साथ ही कला और मनोरंजन के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है तथा इसके साधन बदलते गए।अतीत पर गौर करें तो देश में मनोरंजन का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण परिवेश में बंटा हुआ था लेकिन टेलीविजन और इंटरनेट के प्रसार ने बहुत हद तक इस खाई को पाट दिया है। एक दौर वह था जब शहरों में मनोरंजन के केंद्र सिनेमा, थिएटर, मीना बाजार, रेडियो होता था तो ग्रामीण परिवेश में नाचा- गम्मत, मेला- मड़ई, विभिन्न त्योहारों पर होने वाले लोकनृत्य और गीत लोगों के जीवन में रस घोलते थे। साहित्य और गीत की विधा में कवि सम्मेलन और आर्केस्ट्रा भी लोगों का मन बहलाते थे।

सत्तर के दशक में टेलीविजन की दस्तक के साथ ही मनोरंजन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। अलबत्ता भारत में दूरदर्शन के एकाधिकार तक टेलीविजन एक स्वू पारिवारिक मनोरंजन का सबसे उम्दा साधन था। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले विभिन्न




पारिवारिक और धार्मिक धारावाहिक, कार्यक्रम और फिल्में लोगों के लिए स्वस्थ मनोरंजन का बेहतर माध्यम था। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए मनोरंजन का सबसे उम्दा साधन टेलीविजन अब सचमुच में 'बुद्धू बक्सा' साबित हो रहा है। टीवी चैनलों पर हास्य, हॉरर, कॉमेडी और रियेलिटी शो के नाम पर ऐसे धारावाहिक परोसे जा रहे हैं जिसमें अश्लीलता, फूहड़ता, अंधविश्वास, विवाहेत्तर संबंध, लिव इन रिलेशनशिप, नशाखोरी, अपराध और हिंसा के कथानक भरे पड़े हैं। रियेलिटी शो में प्रतिभागियों के कपड़े और संवाद इतने आपत्तिजनक होते हैं कि इन कार्यक्रमों को परिवार के साथ देखना असहज होता है।

सिनेमा को समाज का आईना कहा जाता है जिसके प्रति भारतीयों को शुरूआत से ही आकर्षण रहा है। भारतीय सिनेमा के इतिहास पर गौर करें तो कला और संस्कृति के प्रकटीकरण का सबसे सशक्त माध्यम सिनेमा ही था लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण ने इस उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। कुछ को छोड़ दें तो आज की फिल्में हमारे संस्कृति और कला पर लगातार हमला कर रही है। आज की अधिकांश फिल्मों में नग्नता, गाली-गलौज, हिंसा, नशाखोरी और अपसंस्कृति के दृश्य आम है जिसके कारण अब सिनेमा भी पारिवारिक मनोरंजन का साधन नहीं रहा।

इंटरनेट क्रांति ने मनोरंजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसने मनोरंजन से जुड़ी सामग्रियों को प्राप्त करने और देखने के तरीके को बदल कर रख दिया है। डिजिटल मीडिया के इस दौर में 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स इन दिनों किशोरों और युवाओं से लेकर हर उम्र के लोगों के लिए पसंदीदा मनोरंजन माध्यम बन चुके हैं लेकिन इसकी दुश्वारियां भी सामने आ रही है।ओटीटी और सोशल मीडिया पर मनोरंजन के नाम पर कई ऐसे कई शो और वेब सिरीज़ प्रसारित हो रहे हैं जो नग्नता और भद्दी गालियों के चलते मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघ रहे हैं।बीते साल ' उल्लू ऐप' के रियलिटी वेब शो ' हाउस अरेस्ट ' के अत्यंत अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद विभिन्न धार्मिक संगठनों ने काफी बवाल मचाया था जिसके चलते शो को बैन करना पड़ा। पिछले साल ही यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर रणवीर अलाहबादिया को " इंडिया गॉट लेटेस्ट" शो में उनके द्वारा अपने माता-पिता के नितांत निजी क्षणों के बारे में अत्यंत भद्दी टिप्पणी किए जाने पर सोशल मीडिया से लेकर संसद और सड़कों पर काफी विरोध देखा गया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी कड़ा रुख अख्तियार करते हुए शो पर प्रतिबंध लगा दिया था।

गौरतलब है कि ओटीटी और यूट्यूब पर प्रसारित होने वाले अनेक आपत्तिजनक शो और वेब सिरीज़ के चलते जहां किशोरों और युवाओं के मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ रहा है वहीं हमारी सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर भी चोट पहुंचा रही है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश में महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म, हिंसा, अपराध और नशाखोरी के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार इंटरनेट और सोशल मीडिया में मौजूद आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट हैं। बहरहाल भारत सदियों से अपनी पुरातन कला, सभ्यता और संस्कृति के कारण ही समूची दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। मनोरंजन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को यह बात भी अपने जेहन में रखना होगा कि भारतीय समाज लज्जा और मर्यादा के तानेबाने में गूंथा है लिहाजा कला के नाम पर अश्लीलता फैलाना कतई उचित नहीं है। सरकार को जहां ऐसे कार्यक्रमों के खिलाफ सख्ती बरतनी होगी वहीं मनोरंजन माध्यमों को भी इस दिशा में स्व- नियमन और आत्मानुशासन की जरूरत है।

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

## बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सोना-चांदी के दामों पर नियंत्रण जरूरी**

चांदी के भाव तो गजब ही ढा रहे हैं। 10-15 हजार के रोज भाव बढ़ रहे हैं जो जाकर अब एक किलो चांदी के 3 लाख पार हो गए हैं। आगे क्या होगा भगवान जाने। ठीक सोने के मूल्य भी 10 ग्राम डेढ़ लाख छू गए हैं। मेक्स (मल्टी कमोडिटीज एक्सचेंज) को बंद करने की मांग भी जूलरी संगठन ने उठाई है क्योंकि इसी से कतिपय धनाढ्य सट्टेबाज/उद्योगपति कृत्रिम भाव बढ़ा रहे हैं, जबकि वास्तव में इतने भाव हैं नहीं। इससे छोटे व्यापारी असमंजस में पड़े हुए हैं और उन्हें कभी भी भारी घाटा हो सकता है। उनकी मांग है कि सोना-चांदी के मूल्य-नियंत्रण वो खुद अपने हाथ में ले, ताकि बढ़ते सट्टाधारी भाव पर कंट्रोल हो सके। उन्होंने आने वाले बजट में इसके लिए नीति बनाने की मांग की है।

- सुनील देशपांडे, दुर्ग

## ट्रेंड

### लालच की महामारी



हर आम भारतीय की ज़िंदगी आज नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते हैं और मिलकर जनता को रौंदते हैं। देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे डरावना चेहरा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### असम चाय के नए बाजार



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और आगामी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के साथ, असम चाय को नए बाजार मिलेंगे। राज्य सरकार के दृष्टिकोण से, हम चाय उत्पादन के विभिन्न पहलुओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम


### यमुना की सफाई



यमुना की सफाई के लिए संकल्प, टेक्नोलॉजी और ज़मीनी स्तर पर बदलाव, तीनों पर हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। इसी दिशा में 'वाटर मास्टर' को नजफगढ़ ड्रेन में तैनात किया गया है। यह पहल ड्रेन्स की स्वच्छता की दिशा में एक निर्णायक बदलाव लाएगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### गर्व की अनुभूति



पहले जम्मू-कश्मीर के लाल-चौक पर पाकिस्तानी झंडे फहराए जाते थे और कांग्रेस की सरकारें मौन रहती थीं, आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाल चौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। इसे देखकर गर्व की अनुभूति होती है।

- नितिन नबीन, अध्यक्ष, भाजपा

## करंट अफेयर

### दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का फिर होगा संचालन



जापान में 2011 में हुए फुकुशिमा परमाणु हादसे के बाद दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का संचालन बुधवार को फिर से शुरू हो जाएगा। जापान बिजली की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। काशीवाजाकी–कारिवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के नंबर–6 रिएक्टर में ऊर्जा उत्पादन की शुरुआती प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका संचालन तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स (टीईपीसीओ) कर रही है। यह वही कंपनी है जो क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची परमाणु संयंत्र का भी संचालन करती है। फुकुशिमा में टीईपीसीओ से जुड़ी पिछली सुरक्षा समस्याओं के कारण काशीवाजाकी–कारिवा संयंत्र के संचालन को लेकर लोग चिंतित हैं, खासकर इसलिए भी क्योंकि यह संयंत्र एक अलग–थलग और भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है। काशीवाजाकी–कारिवा परमाणु संयंत्र के सभी सात रिएक्टर मार्च 2011 में जापान के उत्तर–पूर्वी तट पर स्थित फुकुशिमा दाइची संयंत्र में भीषण भूकंप और सुनामी आने के एक साल बाद से बंद पड़े हैं। उस हादसे में रिएक्टर पिघल गए थे और रेडियोधर्मी पदार्थों के भारी रिसाव से आसपास की जमीन इतनी दूषित हो गई कि कुछ इलाके आज भी रहने योग्य नहीं हैं। टीईपीसीओ अभी भी अपनी छवि को हुए नुकसान से उबरने की कोशिश कर रही है।

## ऑफ बीट

### टैटू इंक में मिले भारी मात्रा में लेड और विषैली धातु



अध्ययन में पाया गया, टैटू की स्याही को जीवित ऊतक में डाला जाता है और यह मूल रूप से स्थायी रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शरीर में मौजूद पिगमेंट समय के साथ घुल सकते हैं, लिम्फ सिस्टम में फैल सकते हैं या धीरे–धीरे टूट सकते हैं। यूरोप में टैटू की स्याही की सुरक्षा पर मार्गदर्शन पिछले दशक से उपलब्ध है और 2022 से यूरोपीय संघ ने इस स्याही में धातु जैसे आर्सेनिक, कैडमियम और लेड तथा कुछ ऑर्गेनिक यौगिकों की सीमा तय की है। ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई नियामक ढांचा नहीं है। यहां टैटू की स्याही की नियमित निगरानी नहीं होती और उपभोक्ताओं के पास सीमित जानकारी उपलब्ध है। अध्ययन में 15 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की काली और रंगीन टैटू की स्याही का विश्लेषण किया गया। परिणाम दिखाते हैं कि हर स्याही में कम से कम एक यूरोपीय सुरक्षा मानक का उल्लंघन था। इसमें आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम और लेड जैसी विषैले धातुएं शामिल थीं। कुछ स्याही में एरोमैटिक अमाइन जैसी ऑर्गेनिक यौगिक भी पाए गए, जिन्हें यूरोप में उनके कैंसरजनक होने के कारण प्रतिबंधित किया गया है। विशेष रूप से, काली स्याही में धातुओं की व्यापक श्रृंखला पाई गई, जबकि चमकीले रंग की स्याही में कुछ विशेष धातुओं की उच्च मात्रा थी।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# स्वास्तिक ग्रुप के प्रोजेक्ट 'फ्लोरिया' का भव्य लांच 24-25 जनवरी को



रायपुर। शहर के तेजी से विकसित होते प्राइम लोकेशन सड्डू क्षेत्र में अब एक नया लक्जरी रेजिडेंशियल डेस्टिनेशन साकार होने जा रहा है। प्रतिष्ठित स्वास्तिक ग्रुप अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट 'फ्लोरिया' की भव्य ग्रैंड लॉन्चिंग 24 एवं 25 जनवरी को डेकाथलन के पीछे, सड्डू (अंबुजा मॉल के पास) स्थित प्रोजेक्ट साइट पर करने जा रहा है।इस अवसर पर स्वास्तिक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि नए वर्ष में ग्रुप ने हर महीने एक नए प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग का लक्ष्य तय किया है, जिसकी सशक्त शुरुआत जनवरी माह में 'फ्लोरिया' प्रोजेक्ट से की जा रही है। उन्होंने कहा कि फ्लोरिया उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो प्रीमियम लोकेशन, एक्सक्लूसिव डिजाइन और अल्ट्रा लक्जरी लाइफस्टाइल की तलाश में हैं। फ्लोरिया प्रोजेक्ट में सीमित यूनिट्स के साथ विशेष पेशकश की गई है, जिसमें 1100 से 2000 वर्गफीट के केवल 60 प्रीमियम प्लॉट, 3 एवं 4 बीएचके के 84 अल्ट्रा लक्ज़री फ्लैट उपलब्ध होंगे। सीमित उपलब्धता के कारण 'पहले आएं, पहले पाएं' के आधार पर बुकिंग की जाएगी। ग्रैंड लॉन्चिंग के अवसर पर बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए विशेष ग्रैंड लॉन्च ऑफर रखा गया है। स्पॉट बुकिंग पर प्रत्येक ग्राहक को आकर्षक उपहार भी प्रदान किया जाएगा।

### आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

फ्लोरिया में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ एक संपूर्ण और सुरक्षित जीवनशैली का अनुभव मिलेगा। प्रमुख सुविधाओं में भव्य ग्रैंड एंट्रेंस गेट, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, मल्टीपर्पज हॉल, वॉकिंग ट्रैक एवं स्काई वॉक, हरियाली से भरपूर शांत वातावरण शामिल हैं। इसके साथ ही 50 एवं 60 फीट चौड़ी सड़कें, कवर्ड कैंपस, 24×7 सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी सर्विलांस, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक केबलिंग एवं आकर्षक स्ट्रीट लाइटिंग जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

# गंभीर गर्दन दर्द से पीड़ित मरीज का इट्सा हॉस्पिटल में सफल इलाज



रायपुर। सड्डू स्थित इट्सा हॉस्पिटल्स में एक अत्यंत जटिल और दुर्लभ सर्वाइकल स्पाइन सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर डॉक्टरों ने चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस सर्जरी के बाद 54 वर्षीय पुरुष मरीज, जो पहले चलने-फिरने में असमर्थ हो गया था, अब दोबारा अपने पैरों पर खड़ा होकर सामान्य रूप से चलने में सक्षम हो गया है। मरीज पहली मंजिल की ऊंचाई से गिर गया था, जिससे उसकी गर्दन में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद वह गर्दन हिला पाने में असमर्थ था और उसके दोनों हाथों व पैरों में कमजोरी आ गई थी। जांच के लिए जब उसे इट्सा हॉस्पिटल लाया गया, तो एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई में पता चला कि उसकी गर्दन की सी6 सर्वाइकल वर्टिब्रा पीछे की ओर खिसक गई थी और फैसेट जॉइंट्स लॉक हो गए थे। यह स्थिति स्पाइनल कॉर्ड पर दबाव डालने वाली अत्यंत अस्थिर और खतरनाक चोट मानी जाती है। इस जटिल केस की सर्जरी इट्सा हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट एवं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठतम न्यूरोसर्जन डॉ. अनिंदो रॉय के नेतृत्व में की गई। डॉ. रॉय ने बताया कि अपने 25 वर्षों के करियर में यह दूसरा मामला है, जिसमें इतनी गंभीर गर्दन की चोट के बावजूद मरीज लगभग सामान्य स्थिति में लौट पाया। सर्जरी के दौरान लॉक्ड फैसेट जॉइंट्स को अनलॉक कर, खिसकी हुई हड्डी को सही स्थान पर लाया गया और प्लेट व स्क्रू की मदद से स्पाइन को सुरक्षित रूप से फिक्स किया गया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। दर्द में कमी आई, हाथ-पैरों की कमजोरी दूर हुई और रिहैबिलिटेशन के बाद वह स्वयं चलकर अस्पताल से घर गया। डॉक्टरों के अनुसार, इस तरह की रिकवरी बेहद दुर्लभ है और यह समय पर उपचार, तकनीकी दक्षता और अनुभव का परिणाम है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 10211/लो.क.वि/न.पा.नि./ 2026 — रायगढ़ दिनांक 21/01/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 184157 | Constraction Of Cc Road From Shakti Agrawal Home To Ashok Agrawal Home At W.N. 05 (2nd Call) | 12.26 | 05.02.2026 |
| 2 | 184164 | Constraction Of Cc Road From Budhimai Mandir To Vikram Home At W.N. 06 (2nd Call) | 10.36 | 05.02.2026 |
| 3 | 184165 | Constraction Of Rcc Drain From Approach Road Infront Of Dashrath Home At W.N. 16 (2nd Call) | 19.32 | 05.02.2026 |
| 4 | 184167 | Constraction Of Pcc Road From Main Road To Nandudau House Via Jaistambh Upto Bharatram Babulal House At W.N. 36 (2nd Call) | 15.61 | 05.02.2026 |
| 5 | 184169 | Constraction Of Pcc Road From Dr. Sushil Gupta House To Rajendra Patel House At W.N. 39 (2nd Call) | 17.46 | 05.02.2026 |
| 6 | 184170 | Constraction Of Pcc Road And Drain From Nandu Gond House To Hemant Dewangan House At W.N. 40 (2nd Call) | 23.91 | 05.02.2026 |
| 7 | 184173 | Constraction Of Cc Road From Raju House To Indira Aawas At.W.N. 42 (2nd Call) | 11.00 | 05.02.2026 |
| 8 | 184174 | Constraction Of Cc Road & Drain From Thandha Vishwakarma House To Shyam Patel House At W.N. 43 (2nd Call) | 11.88 | 05.02.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्रं. 01 से 03 हेतु दिनांक 03.02.2026 एवं सरल क्रं. 04 से 05 हेतु दिनांक 09.02.2026 तक** निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 477 | मोपका से सीपत रोड (पंधी चौक और जांजीबस स्टैंड ) पर ब्लैक स्पॉट और मोपका से सीपत रोड (मटियारी, पंधी और जांजी चौक) पर ग्रे स्पॉट में सड़क चौड़ीकरण, यातायात चिह्न और सड़क चिह्नीकरण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर। मद संख्या 24-5054-6485** | 126.51 |
| 2 | 478 | बिलासपुर उपसंभाग कोनी के बिलासपुर रतनपुर फोर लेन रोड, सिंघरी लखराम रोड, चांटीडीह-खमतराई बैमा-नंगोई-पौंसरा रोड कोनी मोपका बायपास रोड और रतनपुर-कोटा रोड के विभिन्न स्थानों में टी-जंक्शन और एक्स - जंक्शन पर सड़क सुरक्षा कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर। मद संख्या - 24-5054-6485** | 170.70 |
| 3 | 479 | डिंडौरी चि. से दामापुर मार्ग लंबाई 0.85 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। संभाग, मुंगेली। मद संख्या 24-5054-1222** | 87.82 |
| 4 | 480 | शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र नगोई बिलासपुर में नाली, परिसर, शेड समतलीकरण, अतिरिक्त शेड 50 क्लोर, गोडाउन, 02 नग बोर, सेंदरी प्रखण्ड में पहुंच मार्ग एवं चैन लिक्ड फेसिंग का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.-1 बिलासपुर। मद संख्या-8443 (जमा मद)** | 120.95 |
| 5 | 481 | मुंगेली उपसंभाग अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण पथरिया का मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग, मुंगेली। मद संख्या 8443 (जमा मद)** | 14.46 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-252606187/6

## विश्व आर्थिक मंच की 56वीं वार्षिक बैठक में अपनी योजनाएं रखी

# दावोस में अदाणी समूह ने भारत के लिए 66 अरब डॉलर के निवेश की योजना की प्रस्तुत

एजेंसी ▶▶| दावोस

अदाणी समूह ने विमानन, स्वच्छ ऊर्जा, शहरी अवसंरचना, डिजिटल मंचों और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में 66 अरब डॉलर के निवेश की रूपरेखा पेश की है। इससे भारत की वृद्धि प्राथमिकताओं के अनुरूप निजी पूंजी के बड़े पैमाने पर निवेश के नए चरण का संकेत मिलता है।

दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 56वीं वार्षिक बैठक में अपनी योजनाएं प्रस्तुत करते हुए समूह ने कहा कि यह निवेश महाराष्ट्र, असम और झारखंड में किया जाएगा। यह अलग-अलग परिसंपत्तियों के निर्माण से हटकर एकीकृत, प्रौद्योगिकी आधारित अवसंरचना मंचों की ओर रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है।




### इन क्षेत्रों में होगा निवेश

महाराष्ट्र में इसके अलावा 3,000 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले हरित डेटा सेंटर पार्क, हवाई अड्डे के पास एकीकृत 'एरिना' जिला, 8,700 मेगावाट की 'पंप्ड स्टोरेज' जलविद्युत परियोजनाएं, कोयला गैसीकरण पहल, सेमीकंडक्टर एवं 'डिस्प्ले फैब्रिकेशन' सुविधाएं तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी को लेकर सरकार के उभरते ढांचे के अनुरूप एक परमाणु ऊर्जा परियोजना भी शामिल है ।

### राशि अगले सात से दस साल में खर्च की जाएगी

अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अदाणी ने निवेश के पैमाने और विभिन्न क्षेत्रों में इसके विस्तार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि नियोजित राशि अगले सात से 10 वर्ष में खर्च की जाएगी।समूह ने कहा कि प्रस्तावित निवेशों का उद्देश्य रोजगार सृजन, कौशल निर्माण और प्रौद्योगिकी आधारित समावेशन को बढ़ावा देना है। साथ ही ये ऊर्जा बदलाव, विनिर्माण में आत्मनिर्भरता और क्षेत्रीय विकास जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं।

### निजी पूंजी की भूमिका को किया रेखांकित

डब्ल्यूईएफ में दुनिया के राजनेताओं और कारोबारी दिग्गजों के बीच अदाणी समूह की घोषणाओं ने भारत के आर्थिक विस्तार के अगले चरण को आकार देने में अवसंरचना मंचों एवं दीर्घकालिक निजी पूंजी की अहम भूमिका को रेखांकित किया।

# भू-राजनीतिक तनाव से शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- संसेक्स 82,000 के नीचे, निफ्टी 75 अंक उतरा
- विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी जारी रही

वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने, कमजोर संकेतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे सत्र में सेंसेक्स 271 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही।

कारोबारियों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और वित्तीय, बैंकिंग एवं उपभोग से जुड़े शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाए रखा। हालांकि निचले स्तर पर चुनिंदा शेयरों में खरीदारी आने से थोड़ा समर्थन मिला।बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक भारी उतार-चढ़ाव के बाद 270.84 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 81,909.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,056.02 अंक टूटकर 81,124.45 तक आ गया था। वहीं, निफ्टी 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत फिसलकर 25,157.50 अंक पर बंद हुआ।

# सिडबी को 5000 करोड़ रुपए की इक्विटी सहायता मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कैबिनेट की बैठक में लिया गया निर्णय
- एमएसएमई को ऋण प्रवाह बढ़ने की उम्मीद

सरकार ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) को 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता देने को बुधवार को मंजूरी दी। इस फैसले से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है।

आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा सिडबी में 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी तीन किस्तों में डाली जाएगी।

इसके तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 3,000 करोड़ रुपये 31 मार्च 2025 को 568.65 रुपये के 'बुक वैल्यू' पर निवेश किए जाएंगे, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 तथा 2027-28 में 1,000-1,000 करोड़ रुपये संबंधित पूर्व वित्त वर्ष के 31 मार्च की 'बुक वैल्यू' पर निवेश किए जाएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया कि अतिरिक्त पूंजी निवेश से सिडबी को उचित ब्याज दरों पर संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी जिससे एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी लागत पर ऋण उपलब्धता बढ़ेगी। 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में वित्तीय सहायता पाने वाले 76.26 लाख एमएसएमई की संख्या वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक बढ़कर 1.02 करोड़ हो जाने की उम्मीद है।

### *1.12 करोड़ रोजगार होंगे सृजित*

*इससे लगभग 25.74 लाख नए एमएसएमई लाभार्थी जुड़ेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया कि इस इक्विटी निवेश से वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक करीब 1.12 करोड़ रोजगार सृजित होने की भी उम्मीद है।*

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho no. 0771-2535780, 90, Fax 077172227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 2962/भ.नि.अ.प्र./ न.पा.नि./ 2026 — रायपुर, दिनांक 16/01/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवदेक मेसर्स महालक्ष्मी वेंचर्स भागीदार श्री सतपाल सिंह भाटिया पिता श्री गुलबीर सिंह भाटिया, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कचना प.ह.नं. 43 स्थित भूमि खसरा क्र. 15071 रकबा 3.7240 हेक्टेयर अर्थात 37240.00 वर्गमीटर में से एम.आर. मार्ग 1506.50 वर्गमीटर तथा फ्यूचर प्लानिंग एरिया 1085.431 वर्गमीटर को छोड़कर शेष रकबा 34648.07 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में बंधक रखे गये भूखण्डों, समाज के निम्न आय वर्गो हेतु आरक्षित भूखण्डों एवं EWS के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम लोगों की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

**(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति बंधक भूखण्ड | रकबा कुल बंधक भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. A-1 | 01 | 252.46 | 252.46 |
| 2 | भूखण्ड क्र. A-2 | 01 | 248.43 | 248.43 |
| 3 | भूखण्ड क्र. A-3 | 01 | 246.81 | 246.81 |
| 4 | भूखण्ड क्र. A - 4 | 01 | 253.69 | 253.69 |
| 5 | भूखण्ड क्र. B-1 से B-3 | 03 | 210.16 | 630.48 |
| 6 | भूखण्ड क्र. D-3 | 01 | 238.55 | 238.55 |
| 7 | भूखण्ड क्र. D-4 | 01 | 247.83 | 247.83 |
| 8 | भूखण्ड क्र. D-5 | 01 | 259.16 | 259.16 |
| 9 | भूखण्ड क्र. D-6 | 01 | 247.94 | 247.94 |
| | योग | 11 | | 2625.36 Sqm. |

**(ब) निम्न आय वर्गो (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्र. | संख्या | रकबा प्रति LIG भूखण्ड | रकबा कुल LIG भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र - L1 | 01 | 91.96 Sqm. | 91.96 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र—L2 | 01 | 91.47 Sqm. | 91.47 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र—L3 | 01 | 90.12 Sqm. | 90.12 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र - L4 | 01 | 90.13 Sqm. | 90.13 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र -L5 | 01 | 90.09 Sqm. | 90.09 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र -L6 | 01 | 91.58 Sqm. | 91.58 Sqm. |
| | योग | 06 | | 545.36 Sqm. |

**(स) E.W.S. के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति EWS भूखण्ड | रकबा कुल EWS भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र -E-1 | 01 | 44.77 Sqm. | 44.77 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र-E-2 | 01 | 35.84 Sqm. | 35.84 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र - E - 3 | 01 | 38.38 Sqm. | 38.38 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र - E - 4 | 01 | 39.40 Sqm. | 39.40 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र-E-5 | 01 | 40.17 Sqm. | 40.17 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र -E-6 | 01 | 41.24 Sqm. | 41.24 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र—E-7 | 01 | 42.23 Sqm. | 42.23 Sqm. |
| 8 | भूखण्ड क्र—E-8 | 01 | 38.26 Sqm. | 38.26 Sqm. |
| | योग | 08 | | 320.28 Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं; इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम,
रायपुर

## आम सूचना

मेसर्स गुड्डे प्रोडक्ट्स, प्रोप.- श्री राजेश कुमार सिंघानिया, पिता स्व. श्री नरसिंग प्रसाद सिंघानिया, निवासी- C-07, अशोका रतन, शंकर नगर, विधानसभा रोड़, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र-आमासिवनी, जिला- रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 14-B, रकबा 8,000 वर्गफीट (0.19 एकड़) 743.49 वर्गमीटर (0.0743 हेक्टे.) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 23/09/2017 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक सीएसआईडीसी/भू.आ./2025/451, दिनांक 28/10/2025 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पत्र क्रमांक सीएसआईडीसी / भू.आ. / 2025 / 9337 दिनांक 10/12/2025 के द्वारा **"छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित)** में प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को 01 माह के भीतर हटाकर निरस्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

अतः **"छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित)** प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि-निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुये भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति / कार्यालय / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के **07 दिवस** के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा।

**(ए.एच. यजदानी)**
**मुख्य महाप्रबंधक (भू-आबंटन)**
**सी.एस.आई.डी.सी**

S-46648/2

## पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़

सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, विकास भवन, भू-तल, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर, छ.ग., दूरभाष क्रमांक : 0771-2960272, Email id : dp.cg@gov.in

**// सूचना /**

**क्रमांक/पंचा.**/RGSA/144/2025/920

**नवा रायपुर, दिनांक 20/01/2026**

पंचायत संचालनालय, छ.ग. के सूचना क्रमांक / पंचा. /RGSA /144 /2025/ 738 दिनांक 12.12.2025 के द्वारा दिनांक 23.12.2025 को विषय विशेषज्ञ (Account & Audit) एवं विषय विशेषज्ञ (IT& E-gov) के 01-01 रिक्त पद पर भर्ती हेतु कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया था।

कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा उपरांत प्रवीण्यता क्रम में 01 पद के विरूद्ध 05 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाना है। इस हेतु **पंचायत संचालनालय, छ.ग., विकास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर में दिनांक 29.01.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे से दस्तावेज सत्यापन एवं 03:00 बजे से साक्षात्कार का आयोजन किया गया है।**

कम्प्युटर प्रायोगिक परीक्षा उपरांत विषय विशेषज्ञ (Account & Audit) एवं विषय विशेषज्ञ (IT & E-gov) के 01-01 रिक्त पद पर भर्ती हेतु साक्षात्कार के लिये प्रवीण्यता क्रम में 05-05 अभ्यर्थियों को पृथक-पृथक सूचना पत्र प्रेषित कर दी गई है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है।

विस्तृत सूचना पंचायत संचालनालय के वेबसाईट **www.dpcg.cgstate.gov.in** में अथवा कार्यालय के नोटिस बोर्ड में अवलोकन किया जा सकता है।

**(प्रियंका ऋषि महोबिया)**
भा.प्र.से.
**संचालक**
**पंचायत संचालनालय,**
**नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर छ.ग.**

G-252606194/2





# विंटर सीजन में एक्सरसाइज सावधानी बरतना है जरूरी

फिट रहने के लिए हर सीजन में एक्सरसाइज करना जरूरी है। लेकिन ज्यादा ठंड के दिनों में एक्सरसाइज करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर हृदय और श्वसन संबंधी रोगियों को एक्सरसाइज से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

**प्रिकॉशन**
**शिखर चंद जैन**



सर्दियों में वर्कआउट, मॉर्निंग वॉक आदि करना चाहिए या नहीं, इस बारे में कुछ लोग असमंजस में रहते हैं। वास्तव में इन दिनों व्यायाम करना या न करना कई शारीरिक या वातावरण की स्थिति पर निर्भर करता है। सामान्य स्वस्थ व्यक्तियों के लिए यह जरूरी और फायदेमंद है, लेकिन कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। दरअसल, सर्दियों में सुबह बहुत अधिक ठंड, कोहरा और प्रदूषण भी ज्यादा रहता है। इस वजह से घर के बाहर निकलना हानिकारक हो सकता है। दिक्कत यह है कि एक तरफ शरीर की जकड़न को दूर करने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है, वहीं शरीर के विभिन्न अंगों पर ज्यादा दबाव नही पड़े इसका ध्यान रखना भी जरूरी होता है।

### इसलिए है फायदेमंद

सर्दी के मौसम में शारीरिक तौर पर सक्रिय रहना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन जोड़ों के स्वास्थ्य के लिहाज से ऐसा करना विशेष रूप से लाभकारी होता है। सर्दियों में नियमित व्यायाम, जोड़ों की अकड़न को दूर करने, हड्डियों को मजबूत बनाने, वजन नियंत्रित करने और दर्द से राहत दिलाने में मददगार हो सकता है। चाहे आप घर के अंदर की गतिविधियां पसंद करें या बाहरी गतिविधियों में भाग लें। जरूरी है कि आप नियमित तौर पर व्यायाम करें और अपनी क्षमताओं और रुचियों के अनुसार शारीरिक गतिविधियां चुनें।

### हो सकते हैं कुछ रिस्क

**हृदय पर अतिरिक्त दबाव:** 'अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' के अनुसार, ठंडे तापमान में धमनियां सिकुड़ जाती हैं जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है। ऐसे में हैवी एक्सरसाइज, जैसे कि तेज दौड़ना, स्किपिंग आदि दिल पर ज्यादा दबाव डाल सकते हैं, जो हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए दिल के दौरे का कारण बन सकता है।

**श्वसन संबंधी समस्याएं:** ठंडी और शुष्क हवा, फेफड़ों के वायुमार्ग को सिकोड़ सकती है। शोध बताते हैं कि इससे 'एक्सरसाइज-इंड्यूस्ड ब्रोंकोस्पज्म हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, खांसी और सीने में जकड़न होती है। साथ ही सर्दियों में 'इनवर्जन' के कारण प्रदूषित हवा जमीन के करीब रहती है। बाहर वर्कआउट करते समय इन बारीक कणों को सांस के जरिए अंदर लेना फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अस्थमा अटैक हो सकता है।

**हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट:** यदि आप हैवी वर्कआउट करके पसीने से भीग जाते हैं और वातावरण का तापमान बहुत कम है, तो शरीर की गर्मी तेजी से कम होती है। इससे 'हाइपोथर्मिया' (शरीर का तापमान खतरनाक रूप से गिरना) का खतरा बढ़ जाता है।

**मांसपेशियों में खिंचाव:** ठंड में मांसपेशियां अधिक सख्त होती हैं। बिना उचित वॉर्म-अप के एक्सरसाइज करने से लिगामेंट इंजरी और मांसपेशियों में खिंचाव का खतरा बढ़ जाता है।

### सुरक्षित रहने के उपाय

- यदि आप हृदय रोग या अस्थमा से पीड़ित हैं, तो सर्दियों में बाहरी वातावरण में व्यायाम शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह अवश्य कर लें।
- इन दिनों कई लेयर के कपड़े पहनें। पहले पसीना सोखने वाले सिंथेटिक कपड़े पहनें, फिर ऊनी ड्रेस पहनें।
- एक्सरसाइज से पहले घर के अंदर कम से कम 10-15 मिनट वॉर्मअप करें। 5-10 मिनट तक हल्की स्ट्रेचिंग या कार्डियो एक्सरसाइज करें ताकि आपका शरीर सक्रिय हो जाए और मांसपेशियां अधिक हैवी व्यायाम के लिए तैयार हो जाए।
- प्यास न लगने पर भी पानी पिएं, हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। ठंडी हवाओं से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए व्यायाम से पहले, दौरान और बाद में पर्याप्त पानी पीना सुनिश्चित करें।
- नाक से सांस लें, इससे हवा फेफड़ों तक पहुंचने से पहले गर्म और नम हो जाती है।
- हमेशा किसी भी एक्सपर्ट से पहले आप अपने शरीर की सुनें और अगर आपको बहुत ठंड लग रही हो या थकान महसूस हो रही हो तो आराम करें। *

**(फिटनेस ट्रेनर पंकज सिंह से बातचीत पर आधारित)**

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. सतीश विरमानी**
जनरल फिजिशियन
नई दिल्ली

# सर्दी के मौसम में कम पानी पीना हेल्थ के लिए हो सकता है हार्मफुल

सर्दी के मौसम में भी शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन की जरूरत होती है। इसके लिए पानी और अन्य प्रकार के लिक्विड पीते रहना जरूरी है। ऐसा ना करने पर आपको कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। ये प्रॉब्लम्स कौन सी हैं, हाइड्रेशन की कमी के क्या लक्षण हैं और सर्दियों में शरीर को हाइड्रेटेड कैसे रख सकते हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।







हम में से अधिकतर लोग ठंड के मौसम में आमतौर पर पानी तब पीते हैं, जब हमको प्यास लगती है। लेकिन ऐसा करना हमारी हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकता है! ठंड के मौसम में अधिकतर लोग पानी पीने से दूरी बना लेते हैं और उनकी यह लापरवाही शरीर में पानी की कमी पैदा कर देती है, जिससे दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

### बढ़ता है डिहाइड्रेशन का रिस्क

हमें याद रखना चाहिए कि सर्दियों में भी शरीर को उतनी ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। सर्दियों में कम पानी पीने से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, हाई बीपी जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। सर्दियों में हमारा शरीर हमें प्यास का संकेत तब देता है, जब उसे पानी की कमी महसूस होने लगती है। यही वजह है कि ठंड के मौसम में डिहाइड्रेशन का ज्यादा रिस्क होता है।

### सर्दियों में डिहाइड्रेशन के लक्षण

ठंड के मौसम में जब शरीर में पानी की कमी बढ़ने लगती है, तो इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- त्वचा का बार-बार सूखना या त्वचा पर रूखापन आना।
- होंठ फटना और आंखों में जलन होना।
- यूरीन का रंग सामान्य से गहरा होना।
- बिना किसी अन्य वजह के सिरदर्द और थकान होना।
- नींद पूरी न होना, काम में ध्यान केंद्रित न होने की समस्या।
- मसल्स में खिंचाव और दर्द महसूस होना।
- बालों का अधिक झड़ना।
- बिना कोई श्रम किए थकान महसूस होना।

अगर इनमें से कोई भी लक्षण महसूस हो तो तुरंत पानी, नारियल पानी या फलों का रस पीकर खुद को हाइड्रेट करें।

### गंभीर डिहाइड्रेशन के परिणाम



अगर सर्दी के मौसम में आप बहुत कम पानी पीते हैं तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक:** ठंड के मौसम में शरीर में जब पानी की मात्रा बहुत कम हो जाती है तो ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है। इससे दिल और दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जो गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। सर्दियों में कम पानी पीने से गंभीर डिहाइड्रेशन होने पर खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे हार्ट और किडनी पर दबाव बढ़ता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। हार्ट रेट असामान्य हो सकती है और शरीर के सभी अंगों में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। सबसे खतरनाक कंडीशन में ऑर्गन फेल्योर हो सकता है। ऐसे में ट्रीटमेंट न कराए जाने पर धीरे-धीरे सभी अंग काम करना बंद कर सकते हैं।

**किडनी स्टोन और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन:** सर्दियों में पर्याप्त पानी न पीने का सीधा असर किडनी और यूरिनरी सिस्टम पर भी पड़ता है। इससे किडनी स्टोन बनने और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन यानी (यूटीआई) का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में जब शरीर को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो यूरीन गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े यूरीन में मौजूद मिनरल्स आसानी से बाहर नहीं निकल पाते, जिससे किडनी में पथरी बनने लगती है। वहीं, कम पेशाब होने से बैक्टीरिया यूरिनरी ट्रैक्ट में जमा हो सकते हैं, जिससे यूटीआई का खतरा बढ़ जाता है। किडनी स्टोन के लक्षणों में कमर या पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द, पेशाब में जलन, खून आना और मितली या उल्टी की समस्या हो सकती है। वहीं यूटीआई होने पर बार-बार पेशाब आना, पेशाब करते समय जलन, बदबूदार या गाढ़ा यूरीन और फीवर भी हो सकता है।

### सर्दियों में कितना पानी पीना होता है जरूरी

सर्दियों में शरीर को उतने ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। हमारे शरीर का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पानी से बना है, जो टॉक्सिन को बाहर निकालने, शरीर का तापमान कंट्रोल में रखने और पाचन को सही रखने में मदद करता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी रोज कम से कम 2 से 2.5 लीटर पानी पीना जरूरी होता है।



### ऐसे पूरी करें दैनिक शारीरिक पानी की जरूरत

सर्दियों में सिर्फ पानी के जरिए शरीर को हाइड्रेटेड रखना मुश्किल होता है। इसलिए इस मौसम में हरी सब्जियां और मौसमी फलों को डाइट में शामिल करके भी शरीर को हाइड्रेटेड रखा जा सकता है क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। सर्दियों में गुनगुने पानी के अलावा हर्बल चाय जैसे तुलसी, इलायची, अदरक, लेमन या सौंफ की चाय, हल्दी वाला दूध, गुनगुना नारियल पानी, सब्जियों और फलों का रस या गर्म सूप से भी शरीर को हाइड्रेट रखा जा सकता है। सर्दियों में अगर आप पानी पीना भूल जाते हैं तो मोबाइल में अलार्म या रिमाइंडर लगा सकते हैं। ताजा फल या वेजिटेबल जूस न केवल पोषण देते हैं बल्कि शरीर में जल संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

सर्दियों में खुद को हाइड्रेटेड रखकर न सिर्फ गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी फिट और एक्टिव रहा जा सकता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी पानी पीने की आदत को नजरअंदाज न करें और अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखें। *

**प्रस्तुति: ललिता गोयल**

---

# रेग्युलर फिटनेस रूटीन फॉलो करना सबसे जरूरी है

**फिटनेस फंडा**
**अविनेश रेखी**



इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव की भूमिका अविनेश रेखी निभा रहे हैं। शो में वे बहुत हेल्दी और फिट दिख रहे हैं। अपनी बॉडी को मेंटेन करने के लिए अविनेश का वर्कआउट और डाइट रूटीन क्या रहता है, वे खुद बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मेरे लिए डाइट प्लान का मतलब है फ्रेश, न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड भोजन करना। निश्चित समय पर घर का बना पौष्टिक आहार खाना ही मेरी प्रायोरिटी होती है। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने में यह इस तरह की हैबिट बहुत मदद करती है। मैं इसी सोच पर विश्वास करता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन समय और जरूरत के अनुसार बदलता रहता है। ऑफ डे पर मैं आमतौर पर दिन में दो बार वर्कआउट करता हूं, सुबह कार्डियो और कोर ट्रेनिंग और दोपहर में वेट ट्रेनिंग। लेकिन जब मैं बिजी होता हूं यानी शूटिंग के दिनों में मैं कोशिश करता हूं कि सुबह ही अपना वर्कआउट पूरा कर लूं। अगर शेड्यूल बहुत ज्यादा बिजी हो, तो कम से कम 45 मिनट से 1 घंटे तक वॉकिंग करने जरूर जाता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** जब भी मुझे तनाव महसूस होता है, मैं प्रेरणादायक विचार पढ़ता हूं। मेरा सोशल सर्कल बहुत बड़ा नहीं है। केवल कुछ करीबी दोस्त और मेरा परिवार ही मेरे क्लोज हैं। उनका प्यार और साथ मुझे खुश, सकारात्मक और प्रेरित बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फादर मेरे फिटनेस आइडल हैं। उनसे मैंने अनुशासन और निरंतरता का महत्व सीखा है। पिछले 40 वर्षों से ज्यादा समय से उन्होंने कभी भी अपने सही खान-पान और फिटनेस रूटीन को नहीं छोड़ा, यही मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

**पाठकों को फिटनेस मंत्र:** मेरा मानना है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए एक अच्छा और रेग्युलर फिटनेस रूटीन बहुत जरूरी है। चाहे वह वॉकिंग हो, जॉगिंग, खेलकूद, योगाभ्यास या फिर जिम। सबसे अहम बात है कंटिन्यूटी बनाए रखना। अपने रूटीन को कभी न छोड़ें। इसके अलावा फ्रेश-हाइजीनिक और हेल्दी भोजन करें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

**डिजीज**
**डॉ. सोनल सिंघल**
कंसल्टेंट-गायनेकोलॉजिस्ट
मदरहुड अस्पताल, गुरुग्राम

# थायरॉइड प्रॉब्लम का प्रभाव फर्टिलिटी पर भी पड़ सकता है

हमारे गले में मौजूद थायरॉइड ग्रंथि से रिलीज होने वाले हार्मोन में असंतुलन, केवल मेटाबॉलिज्म और ग्रोथ को ही नहीं फर्टिलिटी को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।




अधिकतर लोग मानते हैं कि थायरॉइड की समस्या सिर्फ वजन, थकान या मूड को प्रभावित करती है। जबकि थायरॉइड असंतुलन, पुरुषों और महिलाओं दोनों की फर्टिलिटी को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। जब थायरॉइड ठीक से काम नहीं करता, तो यह शरीर के कई जरूरी हार्मोनों जैसे प्रोलैक्टिन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन, इंसुलिन और कॉर्टिसोल के लेवल को भी प्रभावित करता है, जिससे महिलाओं को गर्भधारण में दिक्कत आ सकती है।

**फर्टिलिटी होती है प्रभावित:** थायरॉइड ग्रंथि, शरीर के हार्मोन सिस्टम का अहम हिस्सा है। अगर थायरॉइड हार्मोन कम या ज्यादा हो जाए, तो इसका असर सिर्फ थायरॉइड तक सीमित नहीं रहता। इससे ओव्यूलेशन, पीरियड्स की नियमितता, स्पर्म की गुणवत्ता और कुल फर्टिलिटी प्रभावित होती है। कई बार सही इलाज न मिलने या देर से पहचान होने के कारण थायरॉइड फर्टिलिटी समस्याओं का एक बड़ा कारण बन जाता है। इन हार्मोनल बदलावों के कारण गर्भधारण में देरी, बार-बार गर्भपात, पीरियड्स की अनियमितता, कम स्पर्म काउंट या खराब एंब्रियो क्वालिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग बाहर से स्वस्थ दिखते हैं, लेकिन अंदर से हार्मोनल गड़बड़ी के कारण कंसीव करने में परेशानी होती है।

**हो सकते हैं ये भी इफेक्ट्स:** थायरॉइड का सीधा असर दिमाग, अंडाशय, वृषण, अग्न्याशय और अन्य कुछ ग्रंथियों पर पड़ता है। जब थायरॉइड का लेवल बिगड़ता है, तो शरीर के अन्य हार्मोनों को गलत संकेत मिलने लगते हैं। सबसे पहले प्रोलैक्टिन हार्मोन प्रभावित होता है। थायरॉइड कम होने पर प्रोलैक्टिन बढ़ सकता है, जिससे महिलाओं में ओव्यूलेशन रुक सकता है और पुरुषों में स्पर्म बनना कम हो सकता है। इससे पीरियड्स अनियमित हो सकते हैं और गर्भधारण में परेशानी आती है।

थायरॉइड असंतुलन से महिला हार्मोन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन भी प्रभावित होते हैं। इससे पीरियड्स अनियमित होना, ज्यादा ब्लीडिंग, अंडा न बन पाना और प्रेग्नेंसी ठहरने में दिक्कत हो सकती है। इसका असर इंसुलिन पर भी पड़ता है, जिससे ब्लड शुगर बढ़ सकती है और पीसीओएस जैसी समस्या हो सकती है, जो महिलाओं में बांझपन का एक बड़ा कारण है। साथ ही, थायरॉइड की गड़बड़ी से शरीर में तनाव बढ़ता है और कॉर्टिसोल हार्मोन ज्यादा बनने लगता है। ज्यादा तनाव ओव्यूलेशन, अंडों की गुणवत्ता, स्पर्म काउंट और सेक्स ड्राइव को नुकसान पहुंचाता है।

**समय पर जांच-इलाज जरूरी:** अगर समय रहते थायरॉइड की जांच करवा ली जाए और डॉक्टर की सलाह से इलाज किया जाए, तो फर्टिलिटी से जुड़ी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। इसके साथ योग और ध्यान करना, रोज 8-9 घंटे की नींद लेना, सही खान-पान और तनाव कम करना थायरॉइड हार्मोन को संतुलन में लाने में मदद करता है। कई बार रिपोर्ट में थायरॉइड 'नॉर्मल' बताया जाता है, लेकिन फर्टिलिटी के लिए सही स्तर थोड़ा अलग हो सकता है। हल्का थायरॉइड असंतुलन भी गर्भधारण और प्रेग्नेंसी को प्रभावित कर सकता है। इसलिए थायरॉइड हेल्थ को नजरअंदाज न करें। *




**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**



## जैकेट के शेष

### छत्तीसगढ़ में अब ....

में लागू होगी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। नीति के अंतर्गत जो व्यवस्था चल रही थी वह उसी रूप में संचालित होती रहेगी।

### रायपुर शहर तक ....

नवा रायपुर, राखी, अभनपुर, गोबरा नवापारा, उरला (नगर पालिक निगम बीरगांव के बाहर आने वाला क्षेत्र) ग्रामीण थाना क्षेत्र में शामिल रहेगा।

**तीन दर्जन पद सृजित किए गए :** पुलिस कमिश्नरेट के लिए 37 पद सृजित किए गए हैं। अधिसूचना में कमिश्नरेट के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के पद भी निर्धारित किए गए हैं। इनमें एक पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पांच पुलिस उपायुक्त, नौ अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 21 सहायक पुलिस आयुक्त हैं। इन अधिकारियों को अलग-अलग जोन, अपराध शाखा, यातायात, मुख्यालय, साइबर सेल, इंटेलिजेंस, महिला अपराध, प्रोटोकॉल और कानून-व्यवस्था इकाइयों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

**रेंज के थाना क्षेत्र पूर्व की तरह संचालित :** रेंज में शामिल थाना क्षेत्र पूर्व की तरह संचालित होगा। रायपुर के जिन ग्रामीण थानों को कमिश्नरी में शामिल नहीं किया गया है, वहां उन थाना क्षेत्रों को रायपुर ग्रामीण के नाम से जाना जाएगा। साथ ही रायपुर ग्रामीण एसपी की अलग से पोस्टिंग की जाएगी।

### पुलिस कमिश्नर ....

प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करना, आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने के अधिकारी शामिल है। पहले यह अधिकार जिला कलेक्टर और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के पास होते थे।

### स्पॉ से वसूली, एएसपी ....

रायपुर पुलिस मुख्यालय अटैच किया गया है। स्पॉ संचालक लोकेश सेन और उसके भाई अमन सेन ने अफसर के खिलाफ रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। स्पॉ संचालक के आरोपों के मुताबिक रिश्वत नहीं देने पर अफसर ने उसके स्पॉ सेंटर में रेड कर फर्जी कार्रवाई की। साथ ही रिश्वत नहीं देने पर स्पॉ संचालक ने अफसर के खिलाफ आगे भी कार्रवाई करने चेतावनी दी थी।

### बीजापुर के काउरगट्टा ....

चेतावनी देने के साथ ही उन पर हमला कर चुके थे, जिसमे वह बच गए थे और गांव छोड़कर बचेली में रह रहे थे, लेकिन मंगलवार को वापस लौटते ही उन्हे मार दिया गया।जानकारी के मुताबिक ग्राम कंचाल निवासी लगभग 40 वर्षीय पूर्व सरपंच भीमा मड़कम की ग्राम काऊरगट्टा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्या करने की सूचना पामेड़ थाने में ग्रामीणों ने दी। पूर्व सरपंच भीमा को खेत में अज्ञात लोगों ने गोली मार दी उस समय आसपास के खेतों में कई ग्रामीण भी काम कर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इस घटना को नक्सलियों द्वारा अंजाम दिया गया होगा। घटना शाम लगभग 5 बजे की बताई गई है। भीमा मड़कम परिजनों द्वारा घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। घटना के बाद पामेड़ पुलिस बल को मौके के लिए रवाना किया गया है। एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि पूर्व सरपंच को गोली मारे जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। पूर्व सरपंच भीमा मडकम ग्राम कंचाल के निवासी थे। कावरगट्टा गांव में भीमा मडकम की हत्या की वारदात को ग्रामीणों की मौजूदगी में अंजाम दिए जाने की खबर है। भीमा मड़कम पर पहले भी नक्सली हमला कर चुके थे और नक्सलियों के चेतावनी व हमले को देखते हुए वे कुछ समय से बचेली में रह रहे थे। भीमा मड़कम कल ही दंतेवाड़ा जिले के बचेली से गांव लौटे थे।

### कुलपति ने किया अपमान ....

साहित्यकार मनोज रुपड़ा को अपमानित करते हुए कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया था। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. चक्रवाल अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। कुलपति प्रो. चक्रवाल बोलते-बोलते विषयातंर हो गए और कथाकार मनोज रूपड़ा से पूछ बैठे कि आप बोर तो नहीं हो रहे हैं? इस पर श्री रूपड़ा ने उनसे कहा कि आप विषय पर बात करिए, इतना सुनते ही कुलपति चक्रवाल उखड़ पड़े और उन्हें बाहर करते हुए बाकी साहित्यकारों से भी कह दिया कि जिन्हें जाना हैं जा सकते हैं। इस घटनाक्रम के बाद साहित्य क्षेत्र में कुलपति की काफी आलोचना हुई।

## पेज एक के शेष

### ट्रंप बोले-ग्रीनलैंड को अमेरिका...

टुकड़ा है। मैं ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का सम्मान करता हूं। हमने दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान ग्रीनलैंड की मदद की थी। ग्रीनलैंड की रक्षा हमारे सिवाए कोई भी मुल्क नहीं कर सकता। सिर्फ हम ही ग्रीनलैंड को बचा सकते हैं। हमने वर्ल्ड वॉर 2 के वक्त ग्रीनलैंड को बचाया था। हम बेवकूफ थे, जो हमने ग्रीनलैंड को वापस दे दिया। उन्होंने कहा कि हम अब बहुत बड़ी मिलिट्री पावर हैं। हम ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए मिलिट्री का इस्तेमाल कर सकते हैं।**डेनमार्क को बताया एहसान फरामोश :** दावोस में डोनाल्ड ट्रंप ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ग्रीनलैंड में अमेरिकी सेना की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि वहां अमेरिका की पिछली रक्षात्मक भूमिका आज उस पर नियंत्रण करने के उनके के प्रयास को उचित ठहराती है। ट्रंप ने कहा, हमने ग्रीनलैंड को बचाया और अपने दुश्मनों को हमारे गोलार्ध में पैर जमाने से सफलतापूर्वक रोका। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध के बाद, हमने ग्रीनलैंड को डेनमार्क को वापस दे दिया। ऐसा करना कितनी बड़ी मूर्खता थी? लेकिन हमने ऐसा किया। लेकिन अब वे कितने कृतघ्न हो गए हैं।

### नवा रायपुर में खुलेंगे...

टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एआई, मेडटेक (हर्बल मेडिसिन एवं वन उत्पाद आधारित), स्मार्ट सिटी तथा स्मार्ट एग्री उद्यमिता केन्द्रों के माध्यम से आगामी तीन से पांच सालों में डोमेन विशेष के 133 स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देंगे। राज्य सरकार द्वारा छात्रों, उद्यमियों, शोधकर्ताओं तथा उद्योगों को ईएसडीएम उत्पादों के प्रोटोटाइप विकसित करने में सहयोग प्रदान करने के लिए एसटीपीआई के माध्यम से एक इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं विकास (ईएसडीडी) केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जो प्रति वर्ष 30 से 40 हार्डवेयर, स्टार्टअप और एमएसएमई को सभी सहायता प्रदान करेगा।

### पांच राज्यों के चुनाव तैयारियों...

योजना के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयास तेज करने को कहा। भाजपा पहले से ही पूरे देश में एक अभियान चला रही है, ताकि संप्रग सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना की जगह लेने वाली योजना के खिलाफ विमर्श बनाने के कांग्रेस के प्रयासों का मुकाबला किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, बैठक में नवीन ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ देश भर में चुनाव प्रचार अभियान के संचालन के तरीके पर चर्चा की और इसे और मजबूत करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

### सोने-चांदी का ...

बुधवार को सोना और चांदी नए शिखर पर पहुंच गए। सोने की कीमत करीब 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 3.34 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपए यानी 4.24 प्रतिशत बढ़कर 1,59,700 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

**प्रति,**
(1) लेश्वरी सिन्हा पिता दूजराम सिन्हा (2) रुपचंद पिता धुरबीन (3) रामसिंह पिता राम्हू वगैरह (4) संतोष कुमार पिता कन्हैयालाल पारख (5) मोहनीश पिता बलराम वगैरह (6) पीयूष कुमार पिता राजेंद्र कुमार

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम अर्जुनी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. आमदी तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 551 रकबा 0.19 हे. का आवेदक/आवेदिका लेश्वरी सिन्हा पिता/पति दूजराम सिन्हा निवासी अर्जुनी के आवेदन पर श्रीमान तहसील धमतरी के आदेश दिनांक 26/11/2025 के अनुसार सीमांकन स्थल जांच दिनांक 23/01/2026 को दिन शुक्रवार समय 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन स्थल जांच के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। समय पश्चात आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
आमदी



## कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग
**// सार्वजनिक सूचना//**

क्रं./न.नि.भि./भ.अ./1129/2026/407 — भिलाई, दिनांक 20.01.2026

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 2915 दिनांक 08.07.1988 के माध्यम से ग्राम जुनवानी, प. ह.नं. 56, खसरा क्रमांक 99/1, 2, 4 कुल रकबा 4.87 एकड़ पर राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति, शहीद भगत सिंह स्कूल के सामने तितुरीडीह दुर्ग द्वारा प्रस्तावित राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति कॉलोनी हेतु आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी, स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 के नियम 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार होम प्लस बिल्डर्स एवं कॉलोनाईजर द्वारा कमजोर आय वर्ग (EWS) हेतु कुल योजना भूमि का 15% रकबा 0.73 एकड़ आरक्षित रखा जाना था, इसी प्रकार छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10% अर्थात 0.48 एकड़ आरक्षित रखा जाना था, जिसे उनके द्वारा अप्राधिकृत रूप से भूखण्डों का उप-विभाजन कर विक्रय किया गया है। इस प्रकार राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर पूर्व में जारी नोटिस दिनांक 04.05.1989, 24.05.1989, 09.06.1989, 06.07.1989, 27.07.1989, 28.08.1989, 21.09.1989, 25.10.1989, 16.01.1990, 26.03.1990, 10.05.1990, 01.10.1990, 23.01.1990, 04.07.1991, 01.02.1992, 01.03.1993, 24.03.1994, 30.05.1996, 19.07.1999 एवं 02.12.1999 का संदर्भ देते हुए इस कार्यालय द्वारा अंतिम सूचना पत्र क्रमांक सात/दो/भ.अ./2026 / 1853 भिलाई दिनांक 02.01.2026 के माध्यम से अंतिम नोटिस प्रेषित किया गया था, जिसका कोई जवाब आज दिनांक तक प्राप्त नही हुआ है। नियमों के निरंतर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है। छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292-एफ (2) में प्रावधान किया गया है कि "आयुक्त, अवैध कालोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिये स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिये योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्याधीन विकसित करेगा जैसे कि विहित किया जाये। उपरोक्त तथ्यात्मक / वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरांत नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा ग्राम जुनवानी, प.ह.नं. 56, खसरा क्रमांक 99/1, 2, 4 कुल रकबा 4.87 एकड़ पर राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति, शहीद भगत सिंह स्कूल के सामने तितुरीडीह दुर्ग द्वारा प्रस्तावित राजलक्ष्मी गृह निर्माण सहकारी समिति एवं उक्त भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। यदि उक्त कॉलोनी/भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में कक्ष क्रमांक 04 में स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

आयुक्त



## कार्यालय नगर पंचायत पटना, जिला-कोरिया (छ.ग.)
Email id-cmonppatna@gmail.com

क्रमांक/1621/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 — पटना, दिनांक-20/01/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट 3rd निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | System Tender No. | Description | Amount (In Lakh) | Last date & time of tender |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 184155 | Design, Construction, Testing. Commissioning and setting up of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant in Municipal Areas of Patna, Chhattisgarh | 53.72 | 02.02.2026 5.30 Pm |

विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयीन अवधि में न.पं. कार्यालय एवं वेबसाईट http://eproc.egstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पटना
जिला-कोरिया (छ.ग.)



## कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा
**नार्थ ब्लॉक सेक्टर- 19, स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़**

क्रमांक / File No.: ESTB /1108/2026-DME/25 रायपुर, दिनांक 19-01-2026

**-:: सूचना ::-**

छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त (10) शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयो एवं सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में क्लिनिकल/ पैरा क्लिनिकल/ नॉन क्लिनिकल विभागों मैं रिक्त चिकित्सकों (प्राध्यापक / सह प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक/ सीनियर रेजिडेंट ) के पदों पर वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से संविदा भर्ती का आयोजन किया जा रहा है।

- वॉक इन का आयोजन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों/ सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में होगा।
- NMC मापदंडों के अनुसार पात्रता निर्धारित होगी।
- वॉक इन इंटरव्यू की तिथि, चिकित्सा महाविद्यालवार, विभागवार, चिकित्सकों के रिक्त पदों की जानकारी इत्यादि विभागीय वेबसाइट www.cgdme.in पर उपलब्ध है।

**नोट :-**
1. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
2. विभागीय वेबसाइट पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों/ सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालकी वेबसाइट का लिंक / विवरण उपलब्ध है।
3. तिथिवार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में वॉक इन का आयोजन होगा।
4. NMC मापदंडों के अनुरूप आवश्यक समस्त दस्तावेज सहित निर्धारित वॉक इन इंटरव्यूव के दिन लेकर आना आवश्यक होगा।
5. स्वयं अभ्यर्थी का उपस्थित होना अनिवार्य है।

G-252606185/7

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(द्वितीय आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्रमांक 184006/ निविदा सूचना क्रमांक 16/वलेलि/ 2025-26, गरियाबंद, दिनांक 20.01.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **06.02.2026** समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

**कार्य का नाम :** गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा की पीपरछेड़ी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का शेष मिट्टी का कार्य आर.डी. 870 मी. से 1140 मी. के मध्य नाला क्लोजर का कार्य कटऑफ रॉक टो फिल्टर एवं पिचिंग का निर्माण कार्य, स्लूस का मरम्मत कार्य, वेस्ट वियर का निर्माण कार्य एवं स्पिल चैनल में शूटफाल का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत : रूपये 2139.68 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **27.01.2026 समय 17:31 बजे** से देखे तथाडाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट**:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

G-252606200/4


**शाह ने दी मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा को बधाई : नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के लोगों को उनके राज्य स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट कर पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं, और उनकी सांस्कृतिक समृद्धि और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।


## पूर्व तट रेलवे

**(1) निविदा सं.30265128, दिनांक :13.01.2026**

**कार्य का नाम :** संलग्न तकनीकी विनिर्देश के अनुसार टर्न की (turn key)के आधार पर रोलर बीयरिंग क्लीनिंग प्लांट की डिजाइन, उत्पादन, आपूर्ति, नींव, संस्थापन, परीक्षण, शुरुआत एवं प्रमाणन [वारंटी अवधि : वितरण की तारीख के बाद 30 महीने]। TPI एजेन्सी द्वारा निरीक्षण, मात्रा : 1 संख्यक।

**(2) निविदा सं.30265129, दिनांक :13.01.2026**

**कार्य का नाम :** संलग्न तकनीकी विनिर्देश के अनुसार टर्न की (turn key)के आधार पर रोलर बीयरिंग क्लीनिंग प्लांट की डिजाइन, उत्पादन, आपूर्ति, नींव, संस्थापन, परीक्षण, शुरुआत एवं प्रमाणन [वारंटी अवधि : वितरण की तारीख के बाद 30 महीने]। माल ढुलाई शुल्क (मूल्य में GST शामिल है) [वारंटी अवधि : वितरण की तारीख के बाद 30 महीने]। पैकिंग शुल्क एवं बीमा शुल्क (GST शामिल है) [वारंटी अवधि : वितरण की तारीख के बाद 30 महीने]। TPI एजेन्सी द्वारा निरीक्षण, मात्रा : 1 संख्यक, 1 उपयोगकर्ता, 1 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 254 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए (क्रम सं.1 हेतु) एवं सामग्री 284 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए (क्रम सं.2 हेतु)।

**निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 12.02.2026 को 1500 बजे (दोनों क्रम सं. हेतु)।

संपूर्ण विस्तृत विवरण उपलब्ध होंगे www.ireps.gov.in में।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर

PR-1034/Q/25-26



## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 48/न.पा.नि./जोन क्र. 3/2025-26 — दिनांक 21/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 12.02.2026 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्रमांक/ सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 184074 | सरदार वल्लभभाई पटेल जी प्रतिमा स्थापना हेतु पडेस्टल एवं अन्य सौदर्यीकरण कार्य। | 30.00 | 12 / 02 / 2026 |
| 184184 | वार्ड क्र. 22 में स्थित प्रेस क्लब ई राघवेन्द्र राय सभा भवन में वाटर प्रुफिंग कार्य इंटीरियर कार्य वाल पेनल एवं फाल सिलिंग कार्य विद्युतिकरण कार्य सेनेटरी कार्य। | 25.05 | 12 / 02 / 2026 |
| 184075 | वार्ड क्र. 15 मंगला चौक के पास श्रीवास भवन में शेड निर्माण कार्य। | 20.00 | 12 / 02 / 2026 |
| 184076 | सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा प्रदाय एवं स्थापना कार्य। | 20.00 | 12 / 02 / 2026 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.3
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
**// ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

क्र./जोन-3/न.नि./2026/518/410 — भिलाई, दिनांक 20.01.2026

लोक कर्म विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर न. | अनु. निविदा लागत (लाख में) | अमानत राशि | ई-टेंडर आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-03 क्षेत्रांतर्गत जी.ई रोड के समानांतर चंद्रा मोर्या टॉकिज से नगर निगम जोन-3 कार्यालय के सामने से बजाज शोरूम तक सर्विस रोड निर्माण कार्य। | 183970 | 171.07 | 1,30,000.00 | 16.01.2026 से 09.02.2026 तक |

नोट :- 1. धरोहर राशि offline जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.02.2026 शाम 5.30 बजे तक कार्यपालन अभियंता / जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पक्ष में निक्षेप होगा। 2. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई प्राक्यूरमेंट वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में उपयुक्त श्रेणी में सम्मिलित होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिये वेबसाइट पर देखें।

जोन आयुक्त



## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार।

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना**

**ई0-संख्या- ZP/LATEHAR- 23/2025-26 (D.M.F.T)**

कार्य का नामः-

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bitumen Road from Entrance Gate No 01 (Near Admin. Building) To Football Ground at Integrated sport cum Knowledge center Bhusur, Block- Latehar Distrct- Latehar. | 1,71,44,400 | 3,43,000 | 10,000 | 06 माह | 01/2025-26 /ZP/LATEHAR |
| 2 | Construction of Bitumen Road from Entrance Gate (Middle gate) To Football Ground and Middle gate no 01 (Near Building) at Integrated sport cum Knowledge center Bhusur, Block - Latehar. | 1,59,92,300 | 3,20,000 | 10,000 | 06 माह | 02/2025-26 /ZP/LATEHAR |
| 3 | Construction of PCC Road from Tinmuhan To Tikuliyatand Domuhan at vill-Ichabar, Panchayat -Dhankara, Block-Latehar. | 1,07,54,200 | 2,15,500 | 10,000 | 04 माह | 03/2025-26 /ZP/LATEHAR |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः- 24.01.2026
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः-31.01.2026, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-02.02.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई-निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष संख्या- 93347-02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी एवं एक श्रेणी ऊपर के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 371253 (Rural Development) 25-26 (D)

जिला अभियंता,
लातेहार।



## Government of Maharashtra
## Office of the Executive Engineer
## Public Works Division No.2, Mul Road, Chandrapur
E-Mail-chandrapur2.ee@mahapwd.gov.in — Telephone No.07172-252256

**E-Tender Notice No. 60 Year 2025-26**
**B-2 (SBD)**

Online percentage rate e -tenders in 'B-2' form (SBD) are invited by Executive Engineer, Public Works Division No.2, Chandrapur for the following works from bidders who satisfy the qualifying criteria. The tender documents should be downloaded from the Government Website http://mahatenders.gov.in. The competent authority reserves the right to accept or reject any or all the tenders. Conditional Tenders will not be accepted.

| Sr No | Name of Work | Estimated Cost (In Rupees) | Estimated Cost (In Words) |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF RURAL HOSPITAL AT GONDPIPRI DIST. CHANDRAPUR (WITH ELECTRIFICATION) | 195181096.00 | Rupees Nineteen Crore Fifty One Lakhs Eighty One Thousand Ninety Six |

| | |
|---|---|
| Tender Download | As per Online Schedule |


All information of e-tendering is available on the following websites/Notice Board
1. http://mahatenders.gov.in
(If there is any change in the notice, then the information / Corrigendum will not be given in the newspapers and the same will be communicated on the above websites. Also, Online Schedule will be applicable and final.)
2. Executive Engineer, Public Works Division No.2, Chandrapur Office Notice Board.
3. For any correspondance contact
Executive Engineer, Public Works Division No.2, Mul Road, Chandrapur
Telephone No.07172-252256 E-mail - chandrapur2.ee@mahapwd.gov.in

**Note -**
1. All eligible/interested bidders are required to be enrolled on portal http://mahatenders.gov.in before downloading tender document and participating in e-tendering process.
2. The information of E-Payment Gateway is available on E-Tendering website http://mahatenders.gov.in
3. The Post Qualification Criteria is included in this work contract.

Executive Engineer Public Works Division No.2 Chandrapur

आरओसी-2025-26/क्र.5/C-5262


## शब्द पहेली - 6116



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 6115 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल - 6126

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6125 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## रायपुर में भी रनों की बारिश, होगा कड़ा मुकाबला

# नागपुर में नहीं गिरी ओस, टीम इंडिया ने खड़ा किया रनों का 'पहाड़'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर/रायपुर

रायपुर में होने वाले अगले मुकाबले से पहले, टीम इंडिया ने नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 238 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर न्यूजीलैंड की मुश्किलें बढ़ा दी है। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में ओस का प्रभाव न होने से भारतीय बल्लेबाजों को पहली पारी में बड़ी राहत मिली, जिसका नतीजा स्कोरबोर्ड पर साफ दिखाई दिया।

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि रायपुर में भी क्रिकेट फैंस को इसी तरह की 'रनवर्षा' देखने को मिल सकती है। नागपुर की तरह रायपुर की पिच भी काली मिट्टी से तैयार की गई है। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, रायपुर में भी ओस का प्रभाव कम रहने की उम्मीद है, जिससे टीम इंडिया के लिए बड़ा स्कोर बनाना या चेज करना आसान हो सकता है। इसलिए नागपुर की तरह रायपुर में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों टीम में बल्लेबाज को बल्लेबाजी में मदद मिलेगी। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी।

### अभिषेक और रिंकू ने पलटा मैच का रुख

नागपुर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत लड़खड़ा गई थी। महज 27 रन के स्कोर पर संजू सैमसन और ईशान किशन पवेलियन लौट चुके थे। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने कीवी गेंदबाजों के होश उड़ा दिए।

### अभिषेक की आतिशी पारी

युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने क्रीज पर आते ही तूफानी अंदाज अपनाया। उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिए 99 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अभिषेक भले ही अपने शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 35 गेंदों में 84 रनों की पारी ने मैच की दिशा तय कर दी। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के लगाए। जब तक अभिषेक क्रीज पर थे, भारत का स्कोर 250 के पार जाता दिख रहा था।

### डेथ ओवर्स में रिंकू सिंह का धमाका

अभिषेक और कप्तान सूर्या (32 रन) के आउट होने के बाद मध्यक्रम में कुछ विकेट जल्दी गिरे, लेकिन 'फिनिशर' रिंकू सिंह ने मोर्चा संभाले रखा। रिंकू ने डेथ ओवर्स में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 20 गेंदों में नाबाद 44 रन कूट दिए। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रिंकू और अभिषेक की इस आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 238 रन बनाए और न्यूजीलैंड के सामने 239 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य रखा। अब सभी की निगाहें रायपुर पर टिकी हैं, जहां इसी तरह के रोमांचक मुकाबले की उम्मीद की जा रही है।




- पहले टी20 में भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया, श्रृंखला में बनाई 1-0 की बढ़त
- अभिषेक ने खेली 35 गेंदों पर 84 रन की पारी, टी20 में बनाए सबसे तेजी से 5 हजार रन
- नागपुर की तरह रायपुर में काली मिट्टी और ओस न होने से टीम इंडिया को मिलेगा फायदा

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का रचिन रविंद्र बो जैमीसन | 10 | 7 | 2 | 0 |
| अभिषेक शर्मा का जैमीसन बो सोढी | 84 | 35 | 5 | 8 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो डफी | 08 | 5 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार का रॉबिन्सन बो सैंटनर | 32 | 22 | 4 | 1 |
| हार्दिक पंड्या का चैपमैन बो डफी | 25 | 16 | 3 | 1 |
| शिवम दुबे का एवं बो जैमीसन | 09 | 4 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 44 | 20 | 4 | 3 |
| पटेल का मिचेल बो क्लार्क | 05 | 5 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 06 | 6 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 14, कुल : 20 ओवर में विकेट पर 238/7 रन
**गेंदबाजी** : जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जैमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन कॉनवे का सैमसन बो अर्शदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| रॉबिन्सन का शिवम बो चक्रवर्ती | 21 | 15 | 2 | 1 |
| रचिन रविंद्र का अभिषेक बो हार्दिक | 01 | 5 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स का दुबे बो पटेल | 78 | 40 | 4 | 6 |
| चैपमैन का अभिषेक बो चक्रवर्ती | 39 | 24 | 4 | 2 |
| डेरिल मिचेल का सब (बिश्नोई) बो दुबे | 28 | 18 | 4 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 20 | 13 | 2 | 0 |
| क्रिस्टियन का रिंकू सिंह बो दुबे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 02, कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, हार्दिक पंड्या 2-0-20-1, जसप्रीत बुमराह 3-0-29-0, अक्षर पटेल 3.3-0-42-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-37-2, शिवम दुबे 3-0-28-2, अभिषेक शर्मा 0.3-0-3-0

### अभिषेक ने रचा इतिहास

टीम इंडिया के स्टार बैटर अभिषेक शर्मा ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। अभिषेक शर्मा अब टी20 इंटरनेशनल में दुनिया के पहले ऐसे बैटर बन गए हैं, जिन्होंने 8 फिफ्टी 25 या उससे कम गेंदों पर बनाए है। शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नागपुर के मैदान पर पहले टी20 में ओपनिंग की और सिर्फ 22 गेंदों पर ही फिफ्टी पूरी कर ली। अभिषेक ने 35 गेंदों पर 84 रन ठोके और आउट हुए। अब तक सिर्फ तीन बैटर्स ने ही टी20 इंटरनेशनल में 25 या उससे कम गेंदों पर 7 फिफ्टी बनाए हैं।

### टी20 में 25 या उससे कम गेंदों पर फिफ्टी

- 8- अभिषेक शर्मा- भारत
- 7- फिल सॉल्ट- इंग्लैंड
- 7- सूर्यकुमार यादव- भारत
- 7- एविन लुईस- वेस्ट इंडीज

### रोहित-राहुल को छोड़ा पीछे

अभिषेक शर्मा ने 20 ओवर फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी ठोकी है। 22 गेंदों पर फिफ्टी ठोकने वाले वो पहले भारतीय बैटर बन गए हैं। उन्होंने केएल राहुल और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। रोहित और केएल ने 23 गेंदों पर साल 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ फिफ्टी बनाई थी।

इंडोनेशिया मास्टर्स

# दूसरे दौर में पहुंचीं पीवी सिंधु श्रीकांत ने कोकी को हराया



एजेंसी ▶▶ जकार्ता

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स के पहले राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।

सिंधु ने जापान की मनामी सुइजू को सीधे गेम में 22-20, 21-18 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। पहले गेम में सिंधु की शुरुआत निराशाजनक रही थी और मिड-गेम ब्रेक तक वह 2-11 से पीछे थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह पॉइंट बनाकर गेम 22-20 से अपने नाम किया।

दूसरे गेम में उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और अंततः 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरे राउंड में सिंधु का मुकाबला डेनमार्क की लाइन केयर्सफेल्ड या चीन की हान कियान शी के साथ होगा।

### श्रीकांत ने जापान के कोकी वतनबे को हराया

वहीं, किदांबी श्रीकांत ने पहले राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 21-15, 21-23, 24-22 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पहले गेम में श्रीकांत ने आक्रामक शॉट्स के दम पर आसानी से जीत हासिल की। दूसरे गेम में श्रीकांत से कुछ गलतियां हुईं और वतनबे ने इसे 23-21 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में 7-4 की बढ़त के बावजूद श्रीकांत को कई बार अपनी पकड़ बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरी मौके पर उनके आक्रामक स्ट्रोक ने जीत दिलाई। दूसरे राउंड में श्रीकांत का सामना चौथी सीड चो टिएन चेन से होगा।

### खबर संक्षेप



### यागिनक बने केकेआर के फील्डिंग कोच

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिशांत यागिनक को अपनी टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। केकेआर ने कहा कि यागिनक के व्यापक अनुभव का टीम को फायदा मिलेगा। केकेआर ने कहा, 'यागिनक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे। फ्रेंचाइजी आईपीएल में नए सहायक स्टाफ के साथ उतरेगी, जिसमें अभिषेक नायर (मुख्य कोच) के अलावा डेरेन ब्रावो (मेंटॉर-मार्गदर्शक), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) शामिल हैं।'

### पंड्या के बिना अधूरी भारतीय टीमः चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऑलराउंडर के बिना भारतीय टीम अधूरी है। भारत टी20 विश्व कप से पहले क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारुप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा। विश्व कप में भारत के खिताब बचाने के अभियान में हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चोपड़ा ने कहा कि भारतीय टीम में हार्दिक का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है।

# मेयस ने लगाया तूफानी शतक, बिना दौड़े बनाए 100 से अधिक रन, तोड़ा 10 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज बेन मेयस ने आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में नया कारनामा कर दिया। उन्होंने अपने धमाकेदार शतक के दौरान चौके और छक्कों की लाइन सी लगा दी। अंडर 19 का विश्व कप में दुनियाभर के युवा खिलाड़ी अपना जलवा दिख रहे हैं। इस बीच बुधवार को जब इंग्लैंड और स्कॉटलैंड की युवा टीमें आमने सामने आई तो एक नया रिकॉर्ड बन गया। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन मेयस ने इतिहास रच दिया। उन्होंने एक ही झटके में अब से करीब 10 साल पुराना



कीर्तिमान चकनाचूर कर दिया। उन्होंने एक बड़ा शतक लगाया, लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि 100 से भी ज्यादा रन तो उन्होंने बिना दौड़े चौके और छक्कों से ही पूरे कर लिए।

**मेयस ने रचा इतिहास** : इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी, लेकिन उनका एक सलामी बल्लेबाज केवल पांच रन बनाकर जल्दी आउट हो गया। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए बेन मेयस आए। उन्होंने धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी की। इस बीच बारिश के कारण मैच में बाधा भी आ रही थी। दूसरी ओर से बीच बीच में विकेट भी गिर रहे थे, लेकिन बेन मेयस की सेहत पर इसका कोई असर नहीं हो रहा था। हालांकि जब बारिश तेज हो गई तो 42.2 ओवर के बाद अंपायर ने खेल रोक दिया। उस वक्त तक बेन मेयस 174 रन बना चुके थे।

# आज से रणजी ट्रॉफी, पंजाब की टीम से मैदान में उतरेंगे शुभमन

एजेंसी ▶▶ राजकोट

शुभमन गिल गुरुवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे, जहां उनका सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है।

### सिराज पर होगी सबकी निगाहें



दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि महाराष्ट्र उससे तीन अंक पीछे है। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी, जो अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों से लौट रहे सिराज कप्तान के रूप में राहुल सिंह की जगह लेंगे। वह ग्रुप डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सत्र में उनका पहला रणजी मैच भी होगा। मुंबई पांच मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। उसकी टीम अजिंक्य रहाणे के बिना खेलेगी, जिन्होंने खुद को अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। इस सत्र के शुरुआत में उन्होंने कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था।

### पीसीबी ने किया बांग्लादेश का समर्थन, मैचों की मेजबानी की पेशकश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे गए एक पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं, जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, 'पीसीबी ने ईमेल में कहा है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग जायज है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए और अगर बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में कोई समस्या आती है तो पाकिस्तान उसके सभी मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।'

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : सबालेंका ने जीता अपना 25वां सिंगल

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। वहीं पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गईं है। सबालेंका ने चीनी क्वालिफायर बाई



झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। मैच की शुरुआत में बाई ने पेस बनाने में कठिनाई महसूस की और 15 मिनट में 0-5 से पीछे हो गईं। हालांकि, उन्होंने दो एस के जरिए अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश की और शुरुआती सेट में सबालेंका की पकड़ थोड़ी कमजोर हुई। बाई ने तीसरे गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन विश्व नंबर 1 ने अपनी मजबूती बनाए रखी और सेट जीत लिया। दूसरे राउंड में सबालेंका ने 4-0 से बढ़त बनाई और अंततः मैच जीतकर तीसरे राउंड में जगह पक्की की। अब उनका मुकाबला 28वीं सीड एम्मा राडुकानू या अनास्तासिया पोटापोवा से होगा।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, सेक्टर-24, प्लॉट नंबर 48, नया रायपुर

ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

संपत्ति बिक्री की सूचना - ई-नीलामी द्वारा दिनांक : 25.02.2026, प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक

ई-नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

| क्रं. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | | आरक्षित मूल्य(लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोत्तरी(लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक / ब) कब्जा दिनांक / स)बकाया राशि(लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ए.आर.बी.(रायपुर)शाखाः- उधारकर्ता : श्री विकास आहुजा पिता धरमदास आहुजा पिता स्व. मोहनलाल आहुजा एवं श्री रिंकेश आहुजा पिता धरमदास आहुजा | रिहायशी मकान : साम्यिक बंधक भूमि एवं डबल मंजिल रिहायशी संपत्ति स्थित खसरा नं. 401/21 (ख.नं. 401/13 का भाग), प.ह.नं. 29 नया प.ह.नं. 32, ग्राम भेड़िकला-राजनांदगांव (छ.ग.) क्षेत्रफल 3237 वर्गफीट श्री विकास आहुजा पिता धरमदास आहुजा एवं श्री. धरम दास आहुजा पिता स्व. मोहन लाल आहुजा के नाम पर स्थित, चौहद्दीः- उत्तर-बिशेसर की भूमि, दक्षिण- शिव की भूमि, पूर्व-प्रकाश की भूमि, पश्चिम-शिव की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 13.00 / ₹ 1.30 / ₹ 0.25 | अ)13.05.2022 / ब) 02.09.2022 / स) ₹16.88 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 2. | ए.आर.बी.(रायपुर)शाखाः- मेसर्स. जे.बी.इंडस्ट्रीज, प्रोप. विकास आहूजा | फैक्टरी भूमि एवं भवन :- लीज होल्ड फैक्ट्री भूमि एवं मकान सहित शेड एवं स्ट्रक्चर स्थित खसरा नं. 401/17, प.ह.नं. 29 नया प.ह.नं. 32 (क्षेत्रफल: 0.25. एकड़) ग्राम-भेड़ीकला-राजनांदगांव लीजधारक, मेसर्स जे.बी. इंडस्ट्रीज, मालिक श्री विकास आहूजा एवं श्री धरमदास आहूजा के नाम पर स्थित, चौहद्दीः -उत्तर - जय भोले फ्लोर मिल, दक्षिण - विकास कुमार धरम चंद आहूजा, पूर्व - तेजराम देवांगन, पश्चिम - राजेश मन्शराम मोटलानी. (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 31.36 / ₹ 3.13 / ₹ 0.25 | अ)03.01.2022 / ब) 10.05.2022 / स) ₹101.16 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 3. | ए.आर.बी.(रायपुर)शाखाः- उधारकर्ताः- मैसर्स श्री पद्मा राइस मिल, प्रो. श्री उत्तम चंद जैन, एवं जमानतदार-1. श्री आशीष कुमार गिदिया, 2. श्रीमती शांति देवी गिदिया,3.श्री निकेश जैन | (A) औद्योगिक भूमि एवं भवन :- साम्यिक बंधक वाली परिवर्तित फ्रीहोल्ड औद्योगिक भूमि एवं भवन, खसरा संख्या -590/3, प.ह.नं. 27, मौजा-बढ़भूम, रानिमं.-डोंगरगांव, जनपद पंचायत एवं तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) जिसका क्षेत्रफल 36154.80 वर्ग फुट है और जो मेसर्स श्री पद्मा राइस मिल (मालिक-श्री उत्तम चंद जैन) के नाम पर स्थित है, एवं जिसकी चौहद्दीः-उत्तर-कुशल की भूमि, दक्षिण-डोंगरगांव-देवरी रोड, पूर्व -राम दयाल की भूमि, पश्चिम-पलटन की भूमि। | A. | ₹ 68.18 / ₹ 6.81 / ₹ 0.25 | अ)13.10.2025 / ब) 12.01.2026 / स) ₹113.96 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| | | (B) भूमि एवं भवन :-नजूल भूमि, जिसकी शीट संख्या-48 बी, प्लॉट संख्या-332/1 (पुराना खसरा संख्या-2117), सदर बाजार, वार्ड संख्या-36, रानिमं.-राजनांदगांव, तहसील एवं जिला-राजनांदगांव जिसका क्षेत्रफल 1898.28 वर्ग फुट और जो श्रीमती शांति देवी पति स्वर्गीय श्री सूरजमल गिडिया (जमानतदार) के नाम पर स्थित है। चौहद्दीः-उत्तर -गड्डूबाई टुमडीबोढ़ वाली की संपत्ति, दक्षिण-छगमल अगरचंद जुनावत की संपत्ति, पूर्व-सार्वजनिक सड़क, पश्चिम-सार्वजनिक सड़क। (सांकेतिक कब्जा) | B. | ₹ 222.67 / ₹ 22.27 / ₹ 0.50 | |
| 4. | ए.आर.बी.(रायपुर)शाखाः- उधारकर्ताः-मेसर्स ब्लैकस्मिथ कॉर्पोरेशन माइनिंग एंड एलाइड (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड (निदेशक एवं गारंटरः श्री विनय श्रीवास्तव) | (A) भूमि :- फ्रीहोल्ड इंडस्ट्रियल भूमि स्थित खसरा संख्या 95/5 (0.048 हेक्टेयर) खसरा संख्या 95/1 का भाग एवं 95/6 (0.202 हेक्टेयर) खसरा संख्या 95/1 का भाग प.ह.नं. 13, ग्राम खम्हरिया, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) श्री विनय श्रीवास्तव पिता श्री शारदा प्रसाद श्रीवास्तव के नाम पर स्थित। जिसकी चौहद्दीः-(ख.सं. 95/5), उत्तर- चंद्रशेखर की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- कोनारी सीमा, चौहद्दीः-(खसरा नं. 95/6), उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- राजहर्ष. | A. | ₹ 70.12 / ₹ 7.01 / ₹ 0.25 | अ)12.03.2025 / ब) 09.01.2026 / स) ₹163.14 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| | | (B) भूमि :- खसरा नं. 399, प.ह.नं. 13, ग्राम कोनारी, रानिमं. तांडवा, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफव 0.393 हेक्टेयर/42302 वर्ग फुट, श्री विनय श्रीवास्तव पिता श्री शारदा प्रसाद श्रीवास्तव के नाम पर स्थित। चौहद्दीः-(खसरा नं. 399) पूर्व-राजकुमार अग्रवाल की भूमि, पश्चिम-औद्योगिक भूमि, उत्तर-सड़क, दक्षिण- कोनारी गाँव की सीमा। (सांकेतिक कब्जा) | B. | ₹ 31.42 / ₹ 3.14 / ₹ 0.25 | |

ई- ऑक्शन की तारीख और समय-दिनांक : 25.02.2026, सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे, सीमा रहित 5 मिनट के अंतराल के एक्स्टेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय - 22.01.2026 से 24.02.2026 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में.

नोटः-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती। संपत्ति क्रमांक 1 एवं 2 के लिए तथा संपत्ति क्रमांक 4(A) एवं 4(B) की नीलामी एक साथ ही होगी। अतः इच्छुक बोलीदाता संपत्ति क्रमांक 1 एवं 2 के लिए तथा संपत्ति क्रमांक 4(A) एवं 4(B) साथ ही बोली लगानी होगी। केवल एक संपत्ति के लिए बोली नहीं लगा सकता है उसे दूसरी संपत्ति भी साथ में लेना आवश्यक है।

**उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15/30 दिन का बकाया सूचना**

उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एवं खर्चों के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात् शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -एआरबी (रायपुर) शाखा - श्री सूरज कुमार-7717741309, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी - श्री रामा राव, मोबाईल - 99084 84996.

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें: 1. नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. **बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं।** 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं baanknet के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

स्थानः रायपुर
दिनांक:22.01.2026

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 22.01.2026 हितवाद, रायपुर का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक
बैंक ऑफ इंडिया

ASA

## आईसीसी वनडे रैंकिंग : 845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली की ली जगह

# कोहली को पछाड़ कर मिचेल बने नंबर वन बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶ दुबई

न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था।

मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54 वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम - उल - हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं।



### दूसरी बार मिचेल ने की शीर्ष रैंकिंग हासिल

आईसीसी ने कहा, '845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है, जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं।' यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे, जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था। भारत के खिलाफ उनकी सरजमीं पर वह खेले गए वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (पांच शतक) के बाद मिचेल (चार शतक) दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। मिचेल वनडे में 54 पारियों में अब तक एक बार भी शून्य पर आउट नहीं हुए हैं, जिससे वह इस उपलब्धि की सर्वकालिक सूची में दूसरे स्थान पर हैं।




# पानी में गायब हो गए दुनिया के ये पांच रहस्यमयी शहर

लंदन। दुनिया में कई प्राचीन शहर हैं, जो अब पानी में समा चुके हैं। प्राचीन शहरों के गायब होने की समुद्र या अन्य प्राकृतिक आपदाओं का वजह माना जाता है। माना जाता है कि कुछ शहर भूकंप और सुनामी के कारण डूब गए, जबकि कुछ धीरे-धीरे भूमि धंसने की प्रक्रिया से पानी में डूब गए।

## पोर्ट रॉयल

मैका में पोर्ट रॉयल 17वीं सदी का एक प्रसिद्ध शहर था। यह भूकंप और सुनामी की वजह से समुद्र में डूब गया। बताया जाता है कि 7 जून 1692 को यह घटना घटी थी। उस दौरान यहां तबाही आई थी और सबकुछ तबाह हो गया था। 1950 के दशक में पोर्ट रॉयल में पानी के नीचे खुदाई शुरू की गई। इसमें सदियों पुरानी पॉकेट वॉच मिली, जो ठीक 11:43 के समय पर बंद हो गई थी। पोर्ट रॉयल पानी में समाने से पहले 7 हजार लोगों का निवास था, जिनमें 2,500 गुलाम भी शामिल थे।



## थोनिस-हेराक्लियन



एक रिपोर्ट के मुताबिक, मिस्र का थोनिस-हेराक्लियनस शहर नील नदी के पास करीब 2,000 वर्षों तक पानी और रेत में दबा था। इसे हेराक्लियन नाम दिया गया। 1990 के दशक में फ्रैंक गोडियो और उसकी टीम ने पानी के नीचे खोज की शुरुआत की, जिसमें कई चौंकाने वाले रहस्यों का खुलासा हुआ है। गोडियो के मुताबिक, पहली बार उन्होंने शहर को खोजने की कोशिश की तो उनको सिर्फ रेत मिली। लेकिन खुदाई शुरू होते ही चौकाने वाली चीजें मिलीं। उन्हें वहां राजा और रानी की 15 फीट की मूर्तियां मिलीं। इसके साथ ही कीमती काले ग्रेनोडियोराइट का पत्थर और कई अन्य चीजें भी बरामद हुईं।

**एटलिट-याम** : इजराइल के हाइफा के पास उथले समुद्री जल में एटलिट-याम को 1984 में खोजा गया था। माना जाता है कि करीब 6900बीसी में यह शहर बसाया गया था। यहां के निवासी किसान और मछुआरे थे। करीब 600 साल तक यह शहर बसा रहा। इसके बाद यह 30 फीट अंदर पानी में डूब गया।

## पावलोपेट्री

ग्रीस के पावलोपेट्री शहर की सबसे पहले 1960 में खोज हुई थी। यहां पर अब तक खुदाई में पत्थरों से बनी गलियां, चट्टानों में काटे गए समाधि स्थल, और अनुष्ठानिक इमारतें खोजी गई हैं। हालांकि, पूरी तरह से यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि शहर पानी में कैसे डूब गया था पर। कहा जाता है कि यहां तेज भूकंप और समुद्र के बदलाव की पानी में समा गया था। खोजकर्ताओं को यहां कई प्राचीन मिट्टी के बर्तन और दूसरी चीजें मिलीं।



## बाइए

इटली के बाइए शहर के बारे में बताया जाता है कि यह धीरे-धीरे धंस रहा था। ऐसी धीमी भूमि धंसने की प्रक्रिया को ब्रैडिसिज्म कहा जाता है। करीब दो हजार साल पहले, बाइए की सजावटी विला और थर्मल स्नानगृह समुद्र तल पर थे, लेकिन अब सभी चीजें पोओजुली की खाड़ी में 20 से 30 फीट गहरे पानी में डूब चुकी हैं।



# समुद्र में समा जाएगा भारत का ये हिस्सा! करोड़ लोगों के पैरों तले खिसक रही है जमीन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा, जहां दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी रहती है, वह धीरे-धीरे पानी में डूब रहा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर यह सिलसिला जारी रहा तो लगभग 23 करोड़ लोगों की जान और घर खतरे में पड़ सकते हैं। यह एक बहुत बड़ी कुदरती आपदा साबित हो सकती है। एक नई रिपोर्ट में हैरान करने वाली बात सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि दुनिया की कई बड़ी नदियों के डेल्टा बहुत तेजी से नीचे धंस रहे हैं। इनके डूबने की रफ्तार का जलस्तर बढ़ने की रफ्तार के बराबर या उससे भी कहीं ज्यादा तेज है।



## क्या पूरा इलाका एक साथ डूब रहा है?

वैज्ञानिकों का कहना है कि पूरा डेल्टा एक जैसा नहीं धंस रहा है, हालांकि इसमें कुछ अंतर है। जहां नदियों से अब भी भरपूर मिट्टी आ रही है वे इलाके थोड़े मजबूत और स्थिर हैं। वहां जमीन उतनी तेजी से नीचे नहीं जा रही।

## समुद्र से भी ज्यादा तेजी से नीचे जा रही है जमीन

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा की जमीन समुद्र का स्तर बढ़ने की तुलना में कहीं ज्यादा तेजी से नीचे धंस रही है। वहां रहने वाले लोगों के लिए समुद्र का पानी उतनी तेजी से ऊपर नहीं आ रहा जितनी तेजी से उसकी जमीन नीचे जा रही है। इसका मतलब है कि पूरा इलाका बहुत जल्द समुद्र में समा सकता है। अब वहां पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा बार बाढ़ आएगी।

## क्यों डूब रहा है गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा?

वैज्ञानिकों की रिसर्च से पता चला है कि इस इलाके के डूबने की 2 बड़ी वजहें हैं। यह डेल्टा नदियों द्वारा लाई गई नरम मिट्टी से बना है। हजारों सालों से जमा मिट्टी धीरे-धीरे दबती है और नीचे धंसती है जो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। अब इंसान अपनी गतिविधियों से इस प्राकृतिक प्रक्रिया को और भी ज्यादा तेज कर रहा है।

## इंसानों की किन गलतियों से डूब रही है जमीन?

इंसान पीने और खेती के लिए जमीन के अंदर से बहुत ज्यादा पानी निकाल रहे हैं। इससे जमीन के अंदर की परतें पिचक जाती हैं और ऊपर की जमीन नीचे धंसने लगती है। शहरों का तेजी से बढ़ना, भारी मशीनें, बड़ी इमारतें और नदियों के किनारे बने बांध इस कमजोर जमीन पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहे हैं।



# शौक बड़ी चीज है! डेढ़ लाख का घोड़ा एक हजार रुपए प्रतिदिन का खर्च!

**जहानाबाद**। घोड़ा पालना बहुत लोगों का शौक होता है। कुछ लोगों का मानना है कि घोड़ा से चलने में सड़क पर जो आनंद आता है, गाड़ी में वो कहां? बस इन्हीं सोच को ले बिहार के जहानाबाद जिला निवासी श्याम सुंदर सिंह 12 साल से घोड़ा पाल रखे हैं। अभी उनके पास 150000 का राजस्थानी नस्ल का घोड़ा है। वो भी 15 महीने का बच्चा था तभी लेकर आए थे। अभी 4 साल का हो रहा है। उनका कहना है कि हम अभी इसके खाने में रोजाना करीब 1000 खर्च करते हैं। घर में गाय नहीं है, फिर भी बाहर से 2 लीटर दूध मंगाते हैं और रोज पिलाते हैं। इसके अलावा चना, बादाम और किशमिश भी खिलाते हैं।

**खाता है चना बादाम और किशमिश**

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.




एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*
कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-*
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Chhattisgarh.~Offer valid only for vehicles sold in Rada Auto Expo, Raipur.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भानपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगराखंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डरपिनाहः कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुड़कुदुः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, साजागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसीवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चाहामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, अकाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

FCB INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com